प्रभार पर प्रबंधन



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 14 अक्टूबर 2024


**बीते दिनों ही सरगुजा विवि के कुलपति से छीनी गई हैं शक्तियां**

# ये कैसा सिस्टम, लागू हो चुकी राष्ट्रीय शिक्षा नीति, पर पांच विश्वविद्यालयों में कुलपति ही नहीं, अब छठा भी हो रहा खाली

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

खास खबर

स्कूली शिक्षा के साथ ही प्रदेश में महाविद्यालयीन शिक्षा का भी हाल बेहाल है। प्रदेश में मौजूदा सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर दी गई है, लेकिन आधे विश्वविद्यालयों में कुलपति ही नहीं है। कहीं दूसरे विवि के कुलपति, कहीं संभाग आयुक्त तो कहीं वरिष्ठ प्राध्यापक प्रभार संभाल रहे हैं। पूर्णकालिक कुलपति नहीं होने के कारण यहां विकास संबंधित कार्यों के अलावा अकादमिक कार्य भी अटक रहे हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में 15 राजकीय विवि हैं। इनमें से पांच विश्वविद्यालयों में कुलपति का पद रिक्त है और छठवें में पद खाली होने वाला है।

कहीं कुलपति को भ्रष्टाचार के आरोप में हटाया गया है तो कहीं कुलपति का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। विशेषज्ञों के अनुसार, कुलपति का कार्यकाल समाप्त होने के 5 से 6 माह पूर्व विज्ञापन मंगाए जाते हैं, ताकि कार्यकाल समाप्त होने के पूर्व ▶▶|शेष पेज 4 पर

**प्रभार में चल रहा प्रबंधन पूर्णकालिक कुलपति नहीं होने से कई तरह की बाधाएं**

## किस विश्वविद्यालय में कैसा है हाल

### 1 स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि

प्रो.एमके वर्मा कुलपति का दो कार्यकाल पूर्ण करने के बाद अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में इस पद से हटे। अब वे एनआईटी रायपुर में प्रोफेसर के अपने मूल पद पर सेवाएं दे रहे हैं। इसके लिए भी विज्ञापन निकाले जा चुके हैं। 4 अक्टूबर को इसके लिए भी आवेदन की आखिरी तारीख थी। ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 2 दुर्ग विवि

डॉ.अरुणा पल्टा 12 अगस्त को कुलपति के पद से रिटायर हुई हैं। इसके बाद से यहां पद रिक्त है। पद रिक्त होने के बाद कुलपति के लिए विज्ञापन निकाला गया। 4 अक्टूबर तक इसके लिए नाम मंगाए गए थे। विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 3 खैरागढ़ विवि

यहां के वर्तमान कुलपति प्रो.बलदेव भाई शर्मा का कार्यकाल कुछ माह के अंतराल में समाप्त होने वाला है। यहां कुलपति बनने के लिए अभी से लॉबिंग शुरू हो गई ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 4 सरगुजा विवि :

कुलपति और कुलसचिव के बीच अंदरूनी लड़ाई का खामियाजा विवि को भुगतना पड़ा है। यहां अंततः धारा 52 लगा दी गई है। इसके अंतर्गत विवि का शासन-प्रशासन, सरकार के अधीन हो ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 5 उद्यानिकी विवि

महात्मा गांधी उद्यान एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.रामशंकर कुरील विवाद के बाद उनके पद से 10 मई को बर्खास्त किया गया था। राज्यपाल ने उन्हें उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय अधिनियम 2019 की धारा 17 ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 6 पत्रकारिता विवि

यहां के वर्तमान कुलपति प्रो.बलदेव भाई शर्मा का कार्यकाल कुछ माह के अंतराल में समाप्त होने वाला है। यहां कुलपति बनने के लिए अभी से लॉबिंग शुरू हो गई है। इसमें विवि के ही एक वरिष्ठ प्राध्यापक का भी नाम है। विवि स्तर पर यहां ▶▶|शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### रीता शांडिल्य पीएससी की कार्यकारी अध्यक्ष, आज पदभार ग्रहण करेंगी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी रीता शांडिल्य को



सदस्य नियुक्त किया गया है। उन्हें आयोग में अध्यक्ष का पद रिक्त होने के कारण प्रशासकीय कर्तव्यों का पालन करने के लिए पीएससी के कार्यकारी अध्यक्ष पद के लिए अधिकृत किया गया है। वे सोमवार को पीएससी कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करेंगी। इससे पूर्व रीता शाडिल्य राजस्व मंडल अध्यक्ष समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रही हैं। सीजी पीएएससी में टामन सिंह सोनवानी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से इस पद पर ▶▶|शेष पेज 4 पर

### जम्मू-कश्मीर से हटाया गया राष्ट्रपति शासन

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब सरकार गठन की तैयारियां चल रही हैं। इसी के साथ घाटी में छह साल से लगा राष्ट्रपति शासन अब हटा लिया गया है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन ने जीत हासिल की है।

## तीन नहीं, छह आरोपियों के नाम सामने आए, अब तक तीन गिरफ्तार, तीन की तलाश

# बाबा हत्याकांड में बिश्नोई गैंग की एंट्री कहा- सलमान के मददगारों को नहीं छोड़ेंगे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के ठीक 28 घंटे बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस हत्या की जिम्मेदारी ली है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग में सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा था कि सलमान खान और दाऊद की मदद करने वालों को छोड़ेंगे नहीं। इधर, पुलिस ने छह आरोपियों की पहचान की। इस बीच गिरफ्तार तीन आरोपियों में एक को कोर्ट ने सात दिन की रिमांड पर भेज दिया, वहीं एक अन्य आरोपी के नाबालिग होने की खबर है।*

बांद्रा स्थित बाबा सिद्दीकी के आवास के बाहर नमाज-ए-जनाजा पढ़ी गई। उनके पार्थिव शरीर को पूरे राजकीय सम्मान के साथ मुंबई लाइन के बड़ा कब्रिस्तान में दफनाया गया। इधर, मुंबई पुलिस ने बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में 28 वर्षीय एक व्यक्ति को पुणे से गिरफ्तार किया है, जिसने अपने भाई के साथ मिलकर हत्याकांड में तीन कथित शूटरों में से दो की 'मदद' की थी। पुणे से गिरफ्तार किए गए इस व्यक्ति की पहचान प्रवीण लोणकर के रूप में हुई है, जिसे पुलिस ने 'सह-षड्यंत्रकारी' बताया है और कहा कि वे उसके भाई शुभम लोणकर की तलाश कर रहे हैं। मामले में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

अपराध शाखा के अधिकारी के अनुसार, प्रवीण और शुभम ने दो कथित शूटर की 'मदद' की थी, जिनमें से एक उत्तर प्रदेश का निवासी है और दूसरे का नाम शिवकुमार गौतम है। गौतम फरार है, जबकि पुलिस ने उत्तर प्रदेश के निवासी और एक अन्य कथित शूटर को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान गुरमेल बलजीत सिंह (23) के रूप में हुई है। ▶▶|शेष पेज 4 पर

### बाबा सिद्दीकी हुए सुपुर्द-ए-खाक, राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई





### सलमान हम ये जंग नहीं चाहते...

सोशल मीडिया पर बिश्नोई गैंग की तरफ से डाले गए फेसबुक पोस्ट में लिखा गया है कि ओम जय श्री राम जय भारत, जीवन का मूल समझता हूं, जिस्म और धन को मैं धूल समझता हूं। किया वही सत्कर्म था जो, निभाया मित्रता का धर्म था। सलमान खान हम ये जंग चाहते नहीं ▶▶|शेष पेज 4 पर

### ऐसा पहला मामला

सिद्दीकी की हत्या पिछले तीन दशक में मुंबई में किसी हाई-प्रोफाइल नेता की हत्या का पहला मामला है जिसने पूरे राज्य को चौंका दिया है। इससे पहले 90 के शुरुआती दशक में बांद्रा और खेतवाडी से ▶▶|शेष पेज 4 पर

### सलमान ने रद्द किए सभी कार्यक्रम

रिपोर्ट्स के अनुसार, सलमान खान अपने प्रिय मित्र बाबा सिद्दीकी को खोने के बाद बहुत दुखी और दुखी हैं। लीलावती अस्पताल से घर लौटने के बाद अभिनेता सो नहीं पा रहे थे और लगातार बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान और परिवार का हालचाल पूछते रहे। बाबा सिद्दीकी परिवार के एक करीबी सूत्र ने बताया, 'भाई फोन पर अंतिम संस्कार की तैयारियों और हर दूसरी जानकारी की जांच कर रहे हैं। उन्होंने अगले कुछ दिनों के लिए अपनी सभी निजी मुलाकातें और सभी कार्यक्रम भी रद्द कर दिए हैं।'

### इन छह आरोपियों के नाम सामने आए

बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में अभी तक कुल छह आरोपियों के नाम सामने आए हैं। अब तक तीन (धर्मराज कश्यप, गुरमेल सिंह, प्रवीण लोनकर) की गिरफ्तारी हो चुकी है और तीन (जासिन अख्तर, शिवा प्रसाद गौतम, शिबू लोनकर) फरार हैं। इनमें से धर्मराज कश्यप के इस दावे के बाद कि वह नाबालिग है, बाबा सिद्दीकी के वकील ने कोर्ट से कहा, स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट या बर्थ सर्टिफिकेट भी देखा जा सकता है। अगर आधार बना भी है तो बाकी दस्तावेजों पर गौर किया जा सकता है।

### आरोपियों के पास था 'अंधा' करने वाला स्प्रे!

मुंबई क्राइम ब्रांच ने बताया कि तीनों ही आरोपी अपने साथ पेपर स्प्रे लेकर आए थे। गोली चलाने से पहले वह पेपर स्प्रे करते और फिर फायर करते, लेकिन तीसरे आरोपी शिवकुमार गौतम ने आते ही फायरिंग शुरू कर दी।

## तेल के दाम घटने से घट गया किराया

# दिवाली पर हवाई सफर 25 फीसदी सस्ता!



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हवाई जहाज से यात्रा करने वालों के लिए अच्छी खबर है। दीपावली के आसपास कई घरेलू मार्गों पर औसत हवाई किराए में पिछले साल की तुलना में 20-25 प्रतिशत की कमी आई है। एक विश्लेषण में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक बढ़ी हुई क्षमता और तेल की कीमतों में हाल में आई गिरावट के चलते कीमतों में कमी आई है। यात्रा मंच इक्सिगो के विश्लेषण से पता चला कि घरेलू मार्गों पर औसत हवाई किराए में 20-25 प्रतिशत की गिरावट आई है। ये कीमतें 30 दिनों की अग्रिम खरीद तिथि (एपीडी) के आधार पर एक तरफ के औसत किराए के लिए है। विश्लेषण में 2023 के लिए समय अवधि 10-16 नवंबर है, जबकि इस साल यह 28 अक्टूबर-तीन नवंबर है। इस साल बेंगलुरू-कोलकाता उड़ान के लिए औसत हवाई किराया ▶▶|शेष पेज 4 पर

### किस रूट पर कितना किराया?

- चेन्नई-कोलकाता- 8,725 रुपए से 36 प्रतिशत घटकर 5,604 रुपए
- मुंबई-दिल्ली - 8,788 रुपए से 34 प्रतिशत घटकर 5,762 रुपए
- दिल्ली-उदयपुर - 11,296 रुपए से 34 प्रतिशत घटकर 7,469 रुपए
- दिल्ली-कोलकाता, हैदराबाद-दिल्ली और दिल्ली-श्रीनगर मार्गों पर गिरावट 32 फीसदी

### पिछली दिवाली में बढ़ गया था हवाई किराया

इक्सिगो समूह के सीईओ आलोक बाजपेयी ने बताया कि पिछले साल दिवाली के आसपास हवाई किराए में सीमित क्षमता के कारण उछाल आया था, जिसका मुख्य कारण गो फर्स्ट एयरलाइन का निलंबन था।

## शाह और यादव हरियाणा के पर्यवेक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



भाजपा ने हरियाणा में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को केन्द्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। विधायक दल की बैठक बुधवार 16 अक्टूबर को चंड़ीगढ़ में होगी। हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने पार्टी के सभी विधायकों को 16-17 अक्टूबर को चंड़ीगढ़ में रहने ▶▶|शेष पेज 4 पर






### पुलिस कस्टडी में कथित पिटाई का मामला

## बेटे की पिटाई से सदमे में आए पिता की मौत, लाश लेकर थाना पहुंचीं बेटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बेटे प्रवीण चंदेल की पुलिस कस्टडी में की गई कथित पिटाई होने एवं बेटे के शरीर के चोट देख पिता किशोर सिंह चंदेल (65) को इतना सदमा लगा कि वह कोमा में चला गया। 25 दिन अस्पताल में इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई। गुस्साए परिजन व विधायक मृतक का शव लेकर थाना पहुंच गए एवं मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए थाना के सामने बैठ गए।

मामला 15 सितंबर को अर्जुन्दा सरकारी अस्पताल में डॉक्टर से कथित मारपीट का है। डॉक्टर की शिकायत पर ▶▶|शेष पेज 4 पर





### मारपीट करने का आरोप

प्रवीण चंदेल के परिजन घटना के बाद से पुलिस कर्मियों पर मारपीट करने का आरोप लगा रहे हैं। यह भी आरोप लगा रहे हैं कि 15 सितंबर की घटना में अर्जुन्दा पुलिस ने ठीक से जांच नहीं की एवं दिए गए सबूतों को नजर अंदाज किया गया। मामले में रविवार ▶▶|शेष पेज 4 पर

### एएसआई लाइन अटैच

हमने आवेदन मांगा है। मामले की जांच की जाएगी। एएसआई इंद्रजीत मेश्राम, आरक्षक पुरानिक साहू और वीरेंद्र साहू को लाइन अटैच कर दिया गया है।

- एसआर भगत
एसपी, बालोद

## भीतर रैनी रथ परिक्रमा देखने उमड़ा जनसैलाब

# परिक्रमा के बाद रथ चोरी कर ले गए कुम्हड़ाकोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

दशहरा में 8 चक्कों के विशाल रथ की परिक्रमा रविवार की देर शाम भीतर रैनी में हुई। भीतर रैनी रथ परिक्रमा देखने सिरहासार में जनसैलाब उमड़ा। रियासतकाल से चली आ रही परंपरा के अनुसार भीतर रैनी की रथ परिक्रमा पूरी होने के बाद ग्रामीण रथ को चुराकर कुम्हड़ाकोट ले गए। दशहरा के अंतिम दिनों में बड़ी संख्या में गांव-गांव से लोग आते हैं। रविवार को पूरे शहर में हर जगह ▶▶|शेष पेज 4 पर



### महाराजा खाएंगे खीर

रियासतकाल से चली आ रही परंपरा के अनुसार भीतर रैनी की रथ परिक्रमा पूरी होने के बाद ग्रामीण रथ को चुराकर कुम्हड़ाकोट ले गए। यहां कल महाराजा बस्तरवासियों के साथ नवाखानी में खीर खाएंगे। दिनभर वहां पूजा अर्चना होगी और शाम को बाहर रैनी की रथ की वापसी सिरहासार के लिए होगी। बाहर रैनी में भी लालबाग से लेकर सिरहासार तक जनसैलाब उमड़ता है।




ईरान ने 1 अक्टूबर को इजरायल पर मिसाइल से हमला किया था। इसके बाद 2 अक्टूबर को इजरायल ने बड़ा फैसला लिया और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को इजरायली क्षेत्र में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया। दुनिया के कई देशों ने इजरायल के इस कदम की निंदा की। कई यूरोपीय और अफ्रीकी देशों ने भी इजरायल के इस कदम की निंदा की।

भारत ने नहीं किए विरोध वाले प्रपत्र पर अपने हस्ताक्षर

# यूएन चीफ की एंट्री पर इजरायल ने लगाया बैन, विरोध में उतरे 104 देश

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

.104 देशों ने एक पत्र के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र महासचिव को इजरायली क्षेत्र में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के लिए इजरायल की निंदा की। अहम बात यह है कि भारत ने इस पत्र पर अपने हस्ताक्षर नहीं किए। भारत ने करीब चार ऐसे प्रमुख प्रस्ताव में भाग नहीं लिया, जो फिलिस्तीन के मुद्दों से जुड़े हुए थे। चिली ने इस पत्र को सबसे पहले पेश किया। इसका समर्थन ब्राज़ील, कोलंबिया, अफ्रीका, युगांडा, इंडोनेशिया, स्पेन, गुयाना और मेक्सिको ने भी किया। सभी ने कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र महासचिव और संयुक्त राष्ट्र को रक्षा के रूप में देखते हैं, ना कि किसी संघर्ष की पक्ष के रक्षा के रूप में। चिली के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी पत्र में कहा गया, "संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के रूप में हम संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व और उसके मिशन के लिए सम्मान का आह्वान करते हैं। हम महासचिव और उनके काम में अपने पूर्ण समर्थन और विश्वास की पुष्टि करते हैं।"



**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 10 सदस्यों ने किया समर्थन**

चिली के पत्र का फ्रांस, रूस, चीन, स्लोवेनिया और स्विट्जरलैंड सहित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 10 सदस्यों ने समर्थन किया था। हालांकि अमेरिका, ब्रिटेन, जापान और दक्षिण कोरिया ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने इस टिप्पणी के अनुरोध का जवाब नहीं दिया कि भारत ने पत्र पर हस्ताक्षर क्यों नहीं किए? 4 अक्टूबर को भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि भारत के लिए गुटेरेस संयुक्त राष्ट्र महासचिव हैं और कोई तीसरा व्यक्ति क्या कहता है यह हमारे दृष्टिकोण का क्षेत्र या टिप्पणी करने का विषय नहीं है।



## भारत ने की लेबनान में संरा सैनिकों पर हमलों की निंदा

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने 'लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल' (यूएनआईएफआईएल) में योगदान देने वाले देशों के उस संयुक्त बयान का समर्थन किया है जिसमें लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सेना पर हाल के हमलों की 'कड़ी निंदा' की गई है तथा कहा गया है कि ऐसी कार्रवाइयां तत्काल रोकी जानी चाहिए। शुरुआत में संयुक्त बयान पर 34 देशों ने हस्ताक्षर किए थे। हाल के दिनों में यूएनआईएफआईएल के कम से कम पांच शांति सैनिकों के घायल होने के बाद यह बयान आया है।' भारत, जिसका उल्लेख शुरू में सह-हस्ताक्षरकर्ताओं में नहीं था, ने शनिवार को कहा कि वह संयुक्त बयान से पूरी तरह सहमत है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'सैन्य योगदान देने वाले एक प्रमुख देश के रूप में भारत 34 @यूएनआईएफआईएल सैन्य योगदान देने वाले देशों द्वारा जारी संयुक्त बयान के साथ पूरी तरह से सहमत है। शांति सैनिकों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है और इसे मौजूदा यूएनएससी प्रस्तावों के अनुसार सुनिश्चित किया जाना चाहिए।' शुक्रवार को नई दिल्ली में एक बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में 'बिगड़ती' सुरक्षा स्थिति को लेकर 'चिंतित' है।


## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र : कांग्रेस नेताओं से आज मिलेंगे राहुल गांधी



**मुंबई।** कांग्रेस ने आगामी महाराष्ट्र चुनाव को लेकर अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। यूपी के रायबरेली से सांसद और कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को महाराष्ट्र के नेताओं से मुलाकात करेंगे। सूत्रों ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चल रहीं तैयारियों की समीक्षा करेंगे। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी सोमवार को सुबह 10 बजे महाराष्ट्र के नेताओं से मुलाकात करेंगे। इस बैठक में राहुल गांधी आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चल रहीं तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

### 'मुझे लगता है कि ईवीएम का दुरुपयोग होता है



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने रविवार को कहा कि चुनाव आयोग को हाल ही में संपन्न हुए हरियाणा विधानसभा चुनावों में ईवीएम को लेकर कांग्रेस द्वारा उठाए गए सवालों पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। सिब्बल ने कहा कि उनका मानना है कि चुनावों में ईवीएम का दुरुपयोग होता है।

### यूपी में फिर एनकाउंटर इंस्पेक्टर को भी लगी गोली



**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में पुलिस ने डेढ़ लाख के इनामी बदमाश राजेश को एनकाउंटर में मार गिराया है। उसके खिलाफ 45 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। उस पर पुलिस ने डेढ़ लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। इस एनकाउंटर के दौरान इंस्पेक्टर और एक कांस्टेबल को भी गोली लगी है। यह घटना तब हुई जब अनूपशहर के सर्कल अधिकारी, अहार के थाना प्रभारी और स्वाट टीम मोटरसाइकिल पर दो संदिग्धों का पीछा कर रहे थे।

पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी को मारने वाले शूटरों के परिजन हैं हैरान

# कबाड़ का काम करने गए थे मुंबई और बन गए हत्यारे

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात मुंबई के बांद्रा ईस्ट इलाके में तीन लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या में तीन शूटर शामिल थे। उनकी पहचान धर्मराज कश्यप, शिव कुमार गौतम, गुरमेल बलजीत सिंह के तौर पर हुई है। 19 साल का धर्मराज और 20 साल का शिवकुमार उर्फ शिवा गौतम यूपी के कैसरगंज कोतवाली के गंडारा गांव के रहने वाले हैं। ये दोनों पुणे में रेहड़ी पटरी पर ठेला लगाने का काम करते थे। धर्मराज ही शिवा को पुणे में काम के लिए होली के बाद लेकर गया था। इस हत्याकांड के बाद आरोपियों के परिवार को भरोसा नहीं हो रहा है।

**यूपी व हरियाणा में रहता है आरोपियों का परिवार**



### वह अब मेरा पोता नहीं है- गुरमेल सिंह की दादी

इस हत्याकांड का तीसरा आरोपी हरियाणा के कैथल का रहने वाला गुरमैल बलजीत सिंह (23) है। गुरमैल के माता-पिता की मौत हो चुकी है, लेकिन उसकी दादी जिंदा है जो उसके सौतेले छोटा भाई प्रिंस के साथ गांव में रहती है। गुरमैल की दादी ने बताया कि उसने 2019 में गांव के ही एक शख्स की बर्फ वाला सुआ मारकर हत्या कर दी थी। वो 2019 में हत्या के मामले में जेल में बंद था, जो तीन-चार महीने पहले ही जमानत पर बाहर आया था। उसकी जमानत किसने करवाई इसके बारे में किसी को कुछ भी मालूम नहीं है। दादी ने बताया कि जब गुरमैल जमानत पर बाहर आया तो घर आया था, वह कुछ मिनट के लिए उनके घर रुका था। तब वह किसी काम से बाहर गई हुई थीं। उन्होंने गुरमैल को देखा तक भी नहीं. इतनी देर में वह चला गया था। उसके बाद उनका गुरमैल के साथ कोई भी संपर्क नहीं हुआ। गुरमेल की दादी ने बताया कि वह बचपन से ही लड़ाई झगड़ा करता था, इसीलिए उन्होंने 11 साल पहले ही उसे घर से बेदखल कर दिया था।

**'कभी फोन करते नही हैं तो हम क्या जानें क्या करते हैं' :** धर्मराज की मां कुसमा और शिवा गौतम की मां सुमन की प्रतिक्रिया सामने आई है। आरोपी धर्मराज की मां ने कहा कि उसका बेटा दो महीने पहले पुणे में कबाड़ का काम करने गया था, लेकिन उसे नहीं पता था कि वह वहां क्या कर रहा है। सुबह जब पुलिस आई, तब हम पूरे मामले के बारे में जान पाए। कभी फोन करते नही हैं तो हम क्या जानें क्या करते हैं। अकेले नहीं गए थे, किसी और के साथ गए थे। -वहीं आरोपी शिवा की मां ने कहा कि शिवा होली के आठ दिन बाद गया था, लेकिन फोन पर बात नहीं हुई थी। वहां जाने के चार दिन बाद बात हुई थी। वहां साथ में जाने वाले लड़के के मोबाइल से बात हुई थी तो उसने कहा था कि क्यों परेशान कर रहो हो, जब बात करनी होगी, तब कर लेंगे। आज सुबह सड़क पर एक लड़का बात कर रहा था, तब हम जान पाए तो घबरा गए। हमारा आदमी मजदूरी करता है। हम भी गेहूं वगैरह काटने के काम में चले जाते थे, उसी से घर का खर्च चलता है।

# यूएन बेस में घुसी इजराइली सेना, टैंक से मेन गेट उड़ाया

**लेबनान** 15 शांति सैनिक घायल

एजेंसी ▶▶। बेरूत

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की धमकी के बाद इजरायली सेना लेबनान में तैनात संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूनिफिल) के बेस में घुस गई। इजरायली सेना ने सबसे पहले यूनिफिल के गेट को टैंक से उड़ा दिया। इसके बाद इजरायली सैनिक जबरन उनके बेस में घुस गए। इस दौरान स्मोक ग्रेनेड फायरिंग में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल के 15 शांति सैनिक घायल हुए हैं। इन सैनिकों का इलाज स्थानीय अस्पतालों में चल रहा है। इस घटना के चंद घंटे पहले ही प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को फोन करके कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को अब दक्षिणी लेबनान से निकाला जाना चाहिए। यूनिफिल के



बयान में इजरायली सेना पर दक्षिणी लेबनान में अपने एक परिसर के द्वार को नष्ट करने का आरोप लगाया गया है। बयान में कहा गया है कि यह घटना आज सुबह रामिया में संयुक्त राष्ट्र के बेस पर हुई। स्थानीय समयानुसार लगभग 04:30 बजे, जब शांति सैनिक बैरकों में थे, दो इजरायली मर्कवा टैंकों ने "बेस के मुख्य द्वार को नष्ट कर दिया और जबरन इस फैसिलिटी में प्रवेश किया।" इजरायली सैनिकों ने "कई बार अनुरोध किया कि बेस अपनी लाइटें बंद कर दे।"

### 100 साल पुरानी मस्जिद को बनाया निशाना

**बेरुत।** इजरायल के लेबनान पर लागतार भीषण हमले जारी है। हिजबुल्लाह को मिटाने की कसम खा चुके इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व में इजरायली डिफेंस फोर्स लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले कर रही है। इसी बीच इजरायल के सैनिक रविवार को दक्षिणी लेबनान के राम्या गांव में घुसने की कोशिश कर रहे थे और ऐसा करने से रोकने के लिए उन्हें हिज्बुल्लाह के साथ में काफी संघर्ष करना पड़ा। लेबनान की न्यूज एजेंसी एनएनए ने बताया कि इजरायल ने हवाई हमले में गांव कफर तिब्नीत में एक मस्जिद को पूरी तरह से तबाह कर दिया। यह हमला करीब 3.45 बजे हुआ था।

आंध्रप्रदेश में दिल दहला देने वाली वारदात

# चाकू की नोक पर पतियों को बंधक बना सास-बहू से गैंगरेप

एजेंसी ▶▶। हैदराबाद

आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साईं जिले में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक महिला और उसकी बहू के साथ गैंगरेप की घटना हुई। ये घटना 11 अक्टूबर की रात चिलमंथुर थाना क्षेत्र की है। घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक वी रत्न ने बताया कि पीड़ित परिवार बेल्लारी जिले का रहने वाला है और पांच महीने पहले ही वहां रहने आया था। दोनों महिलाओं के पति नल्लबोमनी पल्ली इलाके में अंडर कंस्ट्रक्शन पेपर मिल में चौकीदारी करते हैं और उसी के कंपाउंड में रहते हैं। 11 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे 5 बाइक सवार घर के बाहर हंगामा कर रहे थे। जब उन्हें रोका गया तो उन लोगों ने उन पर हमला कर दिया। दोनों महिलाओं के पतियों की पिटाई की और चाकू की नोक पर बंधक बना लिया। इसके बाद चार लोग दोनों महिलाओं (सास-बहू) को घर के अंदर घसीट ले गए और उनके साथ रेप किया। इसके बाद मौके से फरार हो गए।



### पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी

पीड़ित परिवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और लोगों में आक्रोश है। पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है और आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।

# मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार को लौटाई 5 एकड़ जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

कर्नाटक की सियासत में कथित मुडा स्कैम केस के चलते राज्य के सीएम सिद्धारमैया की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं और इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और उनके परिवार ने कर्नाटक सरकार को पांच एकड़ जमीन लौटने का फैसला किया है। सरकार का वापस लौटाई जा रही यह वह जमीन है जो कि खड़गे परिवार के सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को दी गई थी। अब इसके बड़े मायने निकाले जा रहे हैं क्यों कि राज्य के सीएम जमीन से जुड़े एक मामले में बुरी तरह घिर गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को मिली इस जमीन के बारे में बता दें कि यह पांच एकड़ जमीन खड़गे के बेटे राहुल एम खड़गे को कर्नाटक इंडस्ट्रियल एरियास डेवलपमेंट बोर्ड (केआईएडीबी) की तरफ से बागालुर के हाई-टेक डिफेंस एंड एयरोस्पेस पार्क में हार्डवेयर सेक्टर में दी गई थी।

■ एमयूडीए स्कैम केस में जांच के बीच उठाया कदम



### भाजपा ने लगाए थे खड़गे पर आरोप

ध्यान देने वाली बात यह भी है कि हाल ही में बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने आरोप लगाया था कि कर्नाटक की सरकार ने संदिग्ध सिचुएशन में खड़गे के परिवार के ट्रस्ट को 5 एकड़ जमीन दी थी। इसको लेकर बीजेपी ने मांग की थी कि कांग्रेस अध्यक्ष को इस मामले में जवाब देना चाहिए और जमीन आवंटन में पार्दर्शिता होनी चाहिए।

**सीएम की पत्नी भी कर चुकी हैं जमीन वापस करने की बात :** एक अहम बात यह भी है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती बीएम ने 30 सितंबर को मुडा को 14 प्लॉट वापस करने की बात कही थी। इसे लेकर सिद्धारमैया ने कहा कि उनके खिलाफ जारी षडयंत्रों के चलते उनकी पत्नी आहत है और इसलिए वह जमीन वापस कर रही हैं।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

5 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला गया, डिफ्यूज करने में लगा आधा घंटा

# जर्मनी में मिला सेकंड वर्ल्ड वॉर का बम, मची अफरातफरी



एजेंसी ▶▶। हैम्बर्ग

जर्मनी के हैम्बर्ग प्रांत में सेकंड वर्ल्ड वॉर के टाइम का बम मिला है। शनिवार को स्टर्नशांजे जिले में बम की सूचना मिलने के बाद 300 मीटर के दायरे में रहने वाले करीब 5 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला गया। इसके अलावा पुलिस ने इलाके के रेस्तरां और बार भी बंद करा दिए थे। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक एक प्राइमरी स्कूल के कंस्ट्रक्शन के दौरान ये मिला था। अधिकारियों ने बताया कि बम को सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज कर दिया गया है। इसे डिफ्यूज करने में करीब आधे घंटे का वक्त लगा था। बम मिलने की वजह से जिले में रेल सर्विस को भी रोकना पड़ा। जर्मनी में सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बमों का मिलना आम बात है, जिन्हें बाद में डिफ्यूज कर दिया जाता है।

### पिछले हफ्ते जापान में फटा था बम

जापान के दक्षिणी हिस्से में मियाजाकी एयरपोर्ट पर 3 अक्टूबर को एक बम विस्फोट हुआ था। इस बम को अमेरिका ने सेकंड वर्ल्ड वॉर के दौरान जापान पर गिराया था। हालांकि जब इसे गिराया गया, तब इसमें विस्फोट नहीं हो पाया था। इसकी वजह से ये दबा रहा। ये बम विस्फोट एयरपोर्ट के टेक्सी-वे की साइड में हुआ था। बम विस्फोट के बाद एयरपोर्ट पर उड़ानों को रद्द कर दिया गया था।

**पहले भी मिले हैं ऐसे बम :** जर्मनी के कई शहरों में कंस्ट्रक्शन साइट पर काम के दौरान इस तरह के बम मिलते रहते हैं। इससे पहले 2023 में डसलडॉर्फ शहर में 500 किलो का एक बम मिला था। इसके बाद 13 हजार लोगों को टेम्परेरी तौर पर घर छोड़ने का आदेश दिया गया। 2021 में म्यूनिख में भी दूसरे विश्व युद्ध के समय का बम फट गया था, जिससे 4 लोग घायल हो गए थे। वहीं 2020 में भी फ्रैंकफर्ट में एक ब्रिटिश बम मिलने के बाद करीब 13 हजार लोगों को टेम्परेरी तौर पर घर छोड़ना पड़ा था।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑंक्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

रायपुर
सोमवार, 14 अक्टूबर 2024
आश्विन शुक्ल पक्ष द्वादशी
वर्ष : 23, अंक : 89
पृष्ठ : 10+4+4 = 18 मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 34.9
न्यून. 24.6

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## चिकित्सा प्रकोष्ठ ने सीएम से की शिकायत

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, मुख्य सचिव से इस मामले की शिकायत कर तत्काल कार्यवाही करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसा करने वाले अप्रवासी छात्रों का प्रवेश निरस्त किया जाए तथा सुप्रीम कोर्ट में पारित निर्णय का पालन किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया है कि एनआरआई कोटे से छात्र नहीं मिलने पर रिक्त सीटों को नीट के विद्यार्थियों को मेरिट आधार पर एडमिशन दिए जाने का आदेश जारी किया जाए।

## स्टेट कोटे में शामिल किया जाए

यूनाइटेड डाक्टर फ्रंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी ने इस मामले में आईएमए अध्यक्ष को पत्र प्रेषित कर सुझाव दिया है कि नियम का पालन करने के बाद एनआरआई कोटे के रिक्त होने वाली सीटों को राज्य कोटे में शामिल किया जाए और आरक्षण रोस्टर के आधार पर एडमिशन दिया जाए। उनका आरोप है कि इस कोटे के माध्यम से निजी कालेज एमडी-एमएस में चर्म रोग, जनरल मेडिसिन, रेडियोलॉजी की सीटों को महंगे दामों में बेचते हैं क्योंकि डिमांड काफी अधिक होती है। यूजी के साथ पीजी के एडमिशन के पहले इन खामियों को सुधारने की आवश्यकता है।

# हरिभूमि की खबर का असर, एनआरआई कोटे पर महाधिवक्ता से मांगी राय, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- होगी आवश्यक कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

दूर के रिश्तेदारों के सर्टिफिकेट के आधार पर निजी मेडिकल कालेजों में एनआरआई कोटे से एडमिशन लेने के मामले में हरिभूमि की खबर का बड़ा असर हुआ है। मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई कड़ी टिप्पणी पर विचार मंथन करते हुए विभागीय स्तर पर महाधिवक्ता से विधिक सलाह मांगी गई है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि सलाह के बाद इस पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। प्रदेश में संचालित निजी मेडिकल कालेजों में भी तहसीलदार द्वारा जारी अप्रवासी भारतीय होने के प्रमाणपत्र के आधार पर एनआरआई कोटे से एडमिशन का खेल सालों से चल रहा है, ऐसी आशंका है।

इस मामले में पंजाब हाईकोर्ट के फैसले को मान्य करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने चाचा, नाना, मामा जैसे रिश्तेदारों का हवाला देकर खुद को एनआरआई कोटे का हकदार बताने को फर्जीवाड़ा माना था और इस पर तत्काल रोक लगाने की टिप्पणी की थी। इस मामले में प्रदेश सरकार ने भी गंभीरता दिखाना शुरू कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का कहना है कि भविष्य में आने वाले किसी भी अवरोध का सामना करने के लिए मामले में महाधिवक्ता से कानूनी सलाह ली जा रही है। उनके परामर्श के आधार पर मामले में आवश्यक कार्यवाही ▶▶|शेष पेज 4 पर

- सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर विभागीय स्तर पर चल रहा बड़ा मंथन
- निजी मेडिकल कालेजों में भी एडमिशन का खेल का आशंका


मेधावी छात्रों को 449 अंकों पर सीट नहीं एनआरआई कोटे से 137 में एमबीबीएस

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मूर्ति विसर्जन करने गए दो युवक डूबे

**गोंडा।** यूपी के गोंडा जिले के छपिया थाना क्षेत्र में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन करने के दौरान तीन युवक मनवर नदी में डूब गए।



हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने एक युवक को सुरक्षित बचा लिया, लेकिन दो अन्य लापता हो गए। महुली खोरी निवासी सत्यम विश्वकर्मा (22) और मंजीत गुप्ता (18) का पता नहीं चल सका।

### रूड़की-लक्सर रेलवे मार्ग पर गैस सिलेंडर मिलने से हड़कंप

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार जिले में रूड़की-लक्सर रेलवे मार्ग पर एक गैस सिलेंडर मिलने से हड़कंप मच गया।



रेल मार्ग पर पड़ा मिला गैस का सिलेंडर खाली था। इस मामले मे रूड़की कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर पुलिस व रेलवे ने जांच शुरू कर दी।

### ट्रक और कैंटर की टक्कर में 3 की गई जान

**बागपत।** यूपी के बागपत जिले में 'ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे' पर एक तेज रफ्तार ट्रक और कैंटर की टक्कर में सड़क किनारे खड़े तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।



एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान हापुड़ निवासी नन्हे (35), राजा (37) और गाजियाबाद निवासी अकील (39) के रूप में हुई हैं।

### दो बाइक की टक्कर में तीन युवक चल बसे

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई।



मदारीपुर कला गांव के रहने वाले शेर सिंह यादव (30) और राजेश लोधी (27) की मौके पर ही मौत हो गयी। पिंटू (24) ने अस्पताल ले जाते वक्त दम तोड़ दिया।

### जेल से फरार दो कैदियों का कोई सुराग नहीं

**हरिद्वार।** उत्तराखंड की हरिद्वार जिला जेल से दो दिन पहले फरार दो कैदियों का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया।



फरार कैदियों को जल्द से जल्द पकड़ने तथा मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित किया गया है। फरार कैदियों को पकड़ने के लिए 10 टीमें लगाई गयी हैं। एसआईटी के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी एसपी को सौंपी गयी है।

### कोलकाता रेप-मर्डर मामला : जूनियर चिकित्सकों की भूख हड़ताल का आज नौवां दिन

# आमरण-अनशन पर डॉक्टर, तीन की बिगड़ी तबियत, अब 77 ने दी इस्तीफे की धमकी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

राज्य के विभिन्न हिस्सों में लोग अनशनकारियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए "सांकेतिक उपवास" कर रहे हैं। कोलकाता और राज्य के उत्तरी हिस्से में स्थित सिलीगुड़ी शहर में 'आमरण अनशन' कर रहे जूनियर चिकित्सकों में से अब तक तीन को हालत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आंदोलनकारी 'जूनियर डॉक्टर्स फोरम' के एक नेता ने कहा, अनशनकारियों की स्थिति खराब होती जा रही है, लेकिन राज्य प्रशासन बेपरवाह बना हुआ है। इस बीच, आरजी कर अस्पताल के पूर्व छात्रों का एक समूह आमरण अनशन पर बैठे छात्रों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए 12 घंटे के प्रतीकात्मक उपवास के लिए अस्पताल पहुंच गया है। उन्हें, हालांकि अदालत के आदेश के बाद अस्पताल में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) कर्मियों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। पूर्व छात्रों ने कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए, वे अपने प्रस्तावित प्रतीकात्मक अनशन कार्यक्रम को जारी रखेंगे। इनमें से अधिकांश वरिष्ठ नागरिक हैं। मालदा और मुर्शिदाबाद जिले में कई लोग दिन में प्रतीकात्मक अनशन भी रख रहे हैं।

आंदोलनकारी चिकित्सकों ने लोगों से उनके मुद्दे के प्रति एकजुटता और समर्थन दिखाने के लिए रविवार को खाना न पकाने का आग्रह किया है। ▶▶|शेष पेज 4 पर

### राज्य के कई हिस्सों के लोगों ने दिया समर्थन, किया सांकेतिक उपवास

*आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद अपनी मांगों को लेकर पश्चिम बंगाल के जूनियर चिकित्सकों का आमरण-अनशन रविवार को नौवें दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारी तीन डॉक्टरों की तबियत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है, वहीं एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। इधर, 77 सीनियर डॉक्टरों ने सामूहिक इस्तीफे की धमकी दी है।*

### 77 डॉक्टरों ने काम करने में जताई असमर्थता

जेएनएम के 77 सीनियर डॉक्टरों ने सोमवार से काम बंद करने के अपने फैसले के बारे में पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विश्वविद्यालय को ईमेल से सूचित किया है। उन्होंने इस कदम के पीछे मानसिक अशांति और वर्तमान हालात में काम करने में असमर्थता को वजह बताई है। उन्होंने चिकित्सकों के मुद्दे हल करने के लिए राज्य सरकार की ओर से स्पष्ट प्रयास की कमी पर भी चिंता व्यक्त की। राज्य सरकार द्वारा संचालित अस्पतालों के कई चिकित्सकों ने पिछले कुछ दिनों में इन मुद्दों को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार को सामूहिक इस्तीफा पत्र सौंपा है।



### आज तक का दिया अल्टीमेटम

कल्याणी जेएनएम अस्पताल के डॉक्टरों ने समस्या के समाधान का हल निकालने के लिए अधिकारियों को 14 अक्टूबर तक का समय दिया है। ऐसा न करने पर वे औपचारिक रूप से सामूहिक इस्तीफा देने की योजना बनाई है। पिछले कुछ दिनों में राज्य सरकार द्वारा संचालित अस्पतालों के कई डॉक्टर इस मुद्दे पर पश्चिम बंगाल सरकार को सामूहिक रूप से हस्ताक्षरित इस्तीफा पत्र पहले ही सौंप चुके हैं। राज्य सरकार ने शनिवार को कहा था कि डॉक्टरों का सामूहिक इस्तीफा वैध नहीं है और सेवा नियमों के अनुसार इसे व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत करना होता है।


### भाजपा ने दिया समर्थन

भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई ने कनिष्ठ चिकित्सकों के विरोध प्रदर्शन को समर्थन देने की घोषणा की। पार्टी कार्यकर्ताओं से इस प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों का पूरा समर्थन करने का वादा करते हुए आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल सरकार 16 सितंबर को चिकित्सा प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उपस्थिति में हुई बैठक के दौरान बनी सहमति से पीछे हट रही है। मजूमदार ने बयान में कहा, भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों को अपना पूरा समर्थन देती है।

### अस्पताल में भीड़ ने युवक को पीटा

स्थानीय एसएसकेएम अस्पताल के ट्रामा में पहुंचने के बाद एक युवक को कुछ लोगों ने हमला कर घायल कर दिया। यह घटना तब हुई जब उसके पास ही जूनियर डॉक्टरों का एक समूह आरजी कर अस्पताल प्रकरण को लेकर सरकारी चिकित्सा केंद्रों में कड़े सुरक्षा उपायों समेत 10 सूत्री मांगों पर दबाव बनाने के लिए आमरन अनशन पर बैठा है। एसएसकेएम अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि युवक कुछ दोस्तों के साथ ट्रामा सेंटर आया था और वहां पर करीब 15 लोगों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। कोलकाता पुलिस का दावा है कि वह युवक एक गिरोह का सदस्य है और प्रतिद्वंद्वी गिरोह ने उस पर हमला किया। इस घटना के बाद वहां पर चिकित्सकों ने सुरक्षा की मांग को लेकर फिर से आंदोलन शुरू कर दिया है।

## दुनिया के सबसे शक्तिशाली रॉकेट स्टारशिप की लॉन्चिंग




एजेंसी ▶▶| बोका चिका


'स्पेसएक्स' ने रविवार को अपने स्टारशिप रॉकेट को अब तक की सबसे साहसिक परीक्षण उड़ान के तहत प्रक्षेपित किया और यांत्रिक भुजाओं (आर्म) के सहयोग से लौट रहे बूस्टर को पैड पर वापस उतारा गया। लगभग 400 फुट (121 मीटर) लंबे स्टारशिप को सूर्योदय के समय मैक्सिको की सीमा के निकट टेक्सास के दक्षिणी सिरे से प्रक्षेपित किया गया। यह पूर्व के उन चार अन्य स्टारशिप की तरह मैक्सिको की खाड़ी के ऊपर से वक्र बनाते हुए गुजरा जो या तो उड़ान भरने के तुरंत बाद नष्ट हो गए थे या समुद्र में गिरकर नष्ट हो गए थे। स्पेसएक्स ने पहले चरण के बूस्टर को वापस उसी पैड पर उतारा जहां से उसने सात मिनट पहले उड़ान भरी थी।

### आज क्या हुआ

स्टारशिप के इस टेस्ट का प्राइमरी ऑब्जेक्टिव स्पेस में गए सुपर हेवी बूस्टर को लॉन्च साइट पर वापस लाना और उसे कैच करना था जो सक्सेसफुल रहा। वहीं स्टारशिप की पृथ्वी के वायुमंडल में री-एंट्री कराकर हिंद महासागर में लैंडिंग कराई जाएगी। इसे स्पैल्शडाउन कहा जाता है।

### संयुक्त अभियान में 5 गिरफ्तार

# गुजरात में अब 5000 करोड़ की ड्रग्स बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

गुजरात के अंकलेश्वर में दिल्ली पुलिस और गुजरात पुलिस ने रविवार को एक संयुक्त अभियान में 5,000 करोड़ रुपए मूल्य की करीब 518 किलोग्राम कोकीन बरामद की और पांच लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि यह नयी बरामदगी दिल्ली में इस माह की शुरुआत में जब्त की गई 700 किलोग्राम कोकीन के मामले से संबद्ध है। इसके साथ ही अब तक 1,289 किलोग्राम कोकीन और 40 किग्रा 'हाइड्रोपोनिक थाईलैंड मारिजुआना' बरामद की जा चुकी हैं जिसकी कीमत 13,000 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। इस संबंध में 12 लोग गिरफ्तार किये जा चुके हैं।

सूत्रों ने बताया कि यह देश में किसी भी एजेंसी द्वारा की गई अब तक की सबसे बड़ी जब्ती मानी जा रही है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, 700 किलोग्राम कोकीन की जब्ती के मामले की जांच के दौरान विशेष प्रकोष्ठ को पता चला कि मादक पदार्थ अंकलेश्वर स्थित 'अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी' से लाए गए थे।

### दिल्ली में पकड़ी गई थी 5620 करोड़ की ड्रग्स

*विशेष प्रकोष्ठ ने दो अक्टूबर को दक्षिणी दिल्ली के महिपालपुर में एक गोदाम से 560 किलोग्राम से अधिक कोकीन और 40 किग्रा 'हाइड्रोपोनिक थाईलैंड मारिजुआना' जब्त किया था, जिसकी अनुमानित कीमत 5,620 करोड़ रुपए है तथा चार लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद दो अन्य लोगों को अमृतसर और चेन्नई से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के हापुड़ से एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया जो कि इस मामले में गिरफ्तार किया गया सातवां व्यक्ति है।*

### दिल्ली से भेजी गई थी टीम

अधिकारी ने बताया कि रविवार को विशेष प्रकोष्ठ की एक टीम गुजरात भेजी गई। कंपनी के गोदाम से कोकीन बरामद की गई। उन्होंने बताया कि मौके से पांच लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से दुबई और ब्रिटेन से संचालित कथित अंतरराष्ट्रीय गिरोह के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## गुरुगद्दी आसन के दर्शन...



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भंडारपुरी धाम में सतनामी समाज के गुरुगद्दी आसन का दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की खुशहाली और सामाजिक समरसता की कामना की। मुख्यमंत्री ने यहां गुरु निवास में गुरुप्रसादी ग्रहण किया। उन्होंने तलघर का भी अवलोकन किया, उससे जुड़े इतिहास की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने गुरु परिवार के साथ भेंट की।

### तीन लोग गिरफ्तार

# पूर्व मेजर जनरल को डिजिटल अरेस्ट कर ठग लिए दो करोड़

एजेंसी ▶▶| नोएडा

गौतम बुद्ध नगर की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने सेवानिवृत्त मेजर जनरल को 'डिजिटल अरेस्ट' कर दो करोड़ रुपए की ठगी करने के मामले मे तीन आरोपियों को जयपुर से गिरफ्तार किया है। 'डिजिटल अरेस्ट' में किसी शख्स को ऑनलाइन माध्यम से डराया जाता है कि वह सरकारी एजेंसी के माध्यम से गिरफ्तार हो गया है और उसे जुर्माना देना होगा। साइबर क्राइम पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने डिजिटल अरेस्ट कर ▶▶|शेष पेज 4 पर



### सीबीआई का फर्जी पत्र

जालसाजों ने पीड़ित के पास सीबीआई का एक फर्जी पत्र भेजा, जिसमें लिखा था कि अगर उसे जेल जाने से बचना है तो पूछताछ संबंधी कोई भी जानकारी परिवार के लोगों से साझा नहीं करनी होगी। कैमरे के जरिए ठग मेजर जनरल पर नजर गड़ाए रहे। इस दौरान दावा किया गया कि मेजर जनरल पर कभी भी हमला हो सकता है।

### केरल के देवस्वोम मंत्री ने दिया आश्वासन, भक्तों को मिलेगी राहत


# सबरीमला में 'स्पॉट' बुकिंग बंद, सभी श्रद्धालु कर सकेंगे दर्शन

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

केरल के देवस्वोम मंत्री वी.एन. वासावन ने रविवार को स्पष्ट किया कि सबरीमला में 'स्पॉट' (मौके पर) बुकिंग नहीं होगी लेकिन साथ ही आश्वस्त किया कि वार्षिक मंडलम-मकरविलक्कु तीर्थयात्रा के दौरान भगवान अयप्पा मंदिर आने वाला कोई भी श्रद्धालु दर्शन से वंचित नहीं रहेगा। यह आश्वासन तब दिया गया है, जब एक दिन पहले भाजपा ने आगामी वार्षिक तीर्थाटन के दौरान सबरीमला मंदिर में केवल 'वर्चुअल' कतार बुकिंग प्रणाली के माध्यम से दर्शन की अनुमति देने के फैसले को लेकर आंदोलन करने की धमकी दी थी।

### हर दिन 80 हजार श्रद्धालु

केरल के देवस्वोम मंत्री वी.एन.वासावन ने कहा, सरकार और टीडीबी ने सभी श्रद्धालुओं के लिए सुचारू एवं सुरक्षित तीर्थयात्रा सुनिश्चित करने के वास्ते हर दिन दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या 80,000 तक तय की है। सभी रीति-रिवाज निभाने के बाद तीर्थयात्रा के लिए आने वाले किसी भी श्रद्धालु को दर्शन के अवसर से वंचित नहीं किया जाएगा।



**भाजपा ने एक दिन पहले दी थी चेतावनी:** भाजपा ने आगामी वार्षिक तीर्थाटन के दौरान सबरीमला मंदिर में केवल 'वर्चुअल' कतार बुकिंग प्रणाली के माध्यम से दर्शन की अनुमति देने के फैसले को लेकर शनिवार को केरल की वाम मोर्चा सरकार की कड़ी आलोचना की। उसने यह भी चेतावनी दी कि यदि सरकार इस योजना पर आगे बढ़ती है तो वह जबरदस्त आंदोलन करेगी। कांग्रेस ने भी राज्य सरकार से 'वर्चुअल' कतार बुकिंग के साथ-साथ 'स्पॉट' (मौके पर) बुकिंग को भी बनाये रखने की अपील की है, क्योंकि इसकी उम्मीद नहीं की जा सकती कि सभी श्रद्धालु इस तकनीक से परिचित होंगे।

### पुरी में प्रसाद मुफ्त बांटेगी सरकार

ओडिशा सरकार पुरी जगन्नाथ मंदिर में भक्तों को प्रसाद मुफ्त में बांटने की योजना बना रही है। ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचरण ने रिपोर्टर्स को बताया कि यह योजना जल्दी ही लागू की जाएगी।



इस योजना के तहत हर साल सरकार पर 15 करोड़ रुपए तक का अतिरिक्त खर्चा आएगा। पृथ्वीराज हरिचरण ने बताया कि हम कुछ ऐसे भक्तों को इस योजना से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं। कुछ भक्तों ने इस योजना में सहयोग देने की स्वीकृति दे दी है।

चिंतन

# अनुसूचित जातियों के खिलाफ अत्याचार रोकें राज्य सरकारें

कठोर कानूनों के बावजूद अगर दलितों (अनुसूचित जातियों) के खिलाफ अत्याचार नहीं रुक रहे हैं तो ये राज्य शासन, पुलिस प्रशासन और कानून के राज के अमल पर गंभीर सवाल हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) को पिछले चार साल में दलितों के खिलाफ अत्याचार और भूमि व सरकारी नौकरियों से जुड़े विवादों से संबंधित 47,000 से अधिक शिकायतें मिली हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि देश में अनुसूचित जातियों के खिलाफ उत्पीड़न लगातार बढ़ रहे हैं। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत दायर एक आवेदन पर मिले जवाब में एनसीएससी ने कहा कि 2020-21 में 11,917 शिकायतें, 2021-22 में 13,964 शिकायतें, 2022-23 में 12,402 और 2024 में अभी तक 9,550 शिकायतें मिली हैं। हर वर्ष शिकायते बढ़ती गई हैं। आयोग को मिली सबसे ज्यादा शिकायतें अनुसूचित जाति समुदाय के खिलाफ अत्याचारों, भूमि विवाद और सरकारी क्षेत्र में सेवाओं से जुड़े मुद्दों से संबंधित हैं। सबसे ज्यादा शिकायतें उत्तर प्रदेश से मिली हैं। आयोग को हर दिन 200-300 शिकायतें मिलती हैं। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत नवीनतम सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, अनुसूचित जाति के खिलाफ अधिकांश अत्याचार के मामले 13 राज्यों में केंद्रित थे। वर्ष 2022 के सभी मामलों में से 97.7 प्रतिशत मामले इन्हीं राज्यों में सामने आए। इस कानून के तहत 2022 में दर्ज किए गए 51,656 मामलों में से, उत्तर प्रदेश में अकेले 12,287 मामले थे। इसके बाद राजस्थान में 8,651 और मध्य प्रदेश में 7,732 मामले थे। बिहार में 6,799 (13.16 प्रतिशत), ओडिशा में 3,576 (6.93 प्रतिशत) और महाराष्ट्र में 2,706 (5.24 प्रतिशत) मामले दर्ज किए गए। इन छह राज्यों में कुल मामलों के करीब 81 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए। इसके बावजूद अत्याचार पर लगाम नहीं लगी। आजादी के 77 वर्ष होने के बाद में भी दलित उत्पीड़न की घटनाओं में कमी नहीं आना दर्शाता है कि समाज की सोच नहीं बदली है। उत्तर प्रदेश के हाथरस में 19 साल की एक दलित युवती के साथ कथित गैंगरेप और हत्या का मामला सुर्खियों भी आया था। राजस्थान में डंगावास में दलितों के ख़िलाफ़ हिंसा (2015), रोहित वेमुला (2016), तमिलनाडु में 17 वर्ष की दलित लड़की का गैंगरेप और हत्या (2016), तेज़ म्यूज़िक के चलते सहारनपुर हिंसा (2017), भीमा कोरेगांव (2018) और डॉक्टर पायल तड़वी की आत्महत्या (2019) आदि अनेक मामलों ने सुर्खियां बटोरीं, लेकिन अत्याचार कम होने का सिलसिला नहीं रुका। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों में दलित उत्पीड़न के मामले उजागर होते रहते हैं। सालाना 5 से 7 फीसदी मामले बढ़ रहे हैं। देश में दलितों की सुरक्षा के लिए अनुसूचित जाति/ जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 मौजूद है। इसके तहत एससी और एसटी वर्ग के सदस्यों के ख़िलाफ़ किए गए अपराधों का निपटारा किया जाता है। विशेष अदालतों का गठन भी किया जाता है। इसके अलावा अस्पृश्यता पर रोक लगाने के लिए अस्पृश्यता (अपराध) अधिनियम, 1955 बनाया गया था जिसे बाद में बदलकर नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम कर दिया गया। सख्त कानूनों के अमल की जिम्मेदारी राज्य प्रशासन की है। राज्य सरकारों को चाहिए कि दलितों के खिलाफ अपराध को रोकने के लिए व्यापक स्तर पर इंतजाम करें। दलितों के खिलाफ उत्पीड़न को रोकना राज्य की महती जिम्मेदारी है।



# यूएन में स्थायी सदस्य बने भारत

दो टूक

डॉ. एन.के. सोमानी

क्वाड समिट के बाद यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता को लेकर उम्मीद बढ़ गई है। माना जा रहा है कि चीन ने अड़ंगा नहीं लगाया तो भारत जल्द ही यूएनएससी का स्थायी सदस्य बन सकता है। भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। दुनियाभर में इसकी छवि एक ग्लोबल लीडर के तौर पर उभर रही है। विश्व व्यापार संगठन, ब्रिक्स और जी-20 जैसे आर्थिक संगठनों में भारत को प्रभावशाली देश के तौर पर देखा जाता है। पिछले साल जी-20 के सफल आयोजन के बाद भारत की दावेदारी और अधिक पुख्ता हुई है। भारत संयुक्त राष्ट्र संघ का फाउंडर मेंबर है और संघ के शांति मिशन में हमेशा सक्रिय रहा है।

अमेरिका में आयोजित क्वाड देशों की बैठक के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् (यूएनएससी) में सुधार की मांग फिर जोर पकड़ने लगी है। बैठक के बाद क्वाड देशों ने अपने साझा बयान में कहा कि यूएनएससी को समावेशी और लोकतांत्रिक बनाने के लिए स्थायी-अस्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए जिससे एशियाई, अफ्रीकी और कैरिबियाई देशों को समुचित प्रतिनिधित्व मिल सके। भारत के अलावा जापान, ब्राजील और जर्मनी (जी-4) स्थायी सदस्यता की दौड़ में शामिल हैं। क्वाट समिट के बाद यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता को लेकर उम्मीद बढ़ गई है।

माना जा रहा है कि चीन ने अड़ंगा नहीं लगाया तो भारत जल्द ही यूएनएससी का स्थायी सदस्य बन सकता है। भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। दुनियाभर में इसकी छवि एक ग्लोबल लीडर के तौर पर उभर रही है। विश्व व्यापार संगठन, ब्रिक्स और जी-20 जैसे आर्थिक संगठनों में भारत को प्रभावशाली देश के तौर पर देखा जाता है। पिछले साल जी-20 के सफल आयोजन के बाद भारत की दावेदारी और अधिक पुख्ता हुई है। यही नहीं, भारत संयुक्त राष्ट्र संघ का फाउंडर मेंबर है और संघ के शांति मिशन में हमेशा सक्रिय रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि इस वैश्विक संस्था के संचालन से भारत को दूर क्यों रखा जा रहा है। यूएनएससी के पांच स्थायी सदस्यों में से चार ( रूस, अमेरिका, फ्रांस और अब ब्रिटेन ) भारत के साथ हैं। चारों देश चाहते हैं कि भारत भी यूएनएससी में स्थायी सदस्य हो। लेकिन चीन के विरोध के कारण यह मुमकिन नहीं हो पाया। ऐसे में सवाल उठता है कि जब सारे देश यूएनएससी में भारत को शामिल करने के लिए तैयार हैं, तो फिर चीन को क्या परेशानी है। वह भारत की राह में रोड़ा क्यों अटका रहा है

दरअसल, भारत के साथ चीन के रिश्ते जिस तरह से रहे हैं, खास तौर से 1962 के युद्ध व डोकलाम विवाद के बाद । चीन कभी नहीं चाहेगा कि भारत उसकी बराबरी में यूएनएससी में खड़ा हो। अगर भारत सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्य बन जाता है, तो उसका वैश्विक कद बढ़ जाएगा। वीटो पावर के जरिए वह न सिर्फ अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा कर पाएगा बल्कि परिषद् के भीतर ऐसे मुद्दो को भी बेहतर तरीके से उठा पाएगा जो उसके लिए विशेष महत्व रखते हैं। चीन स्थायी सदस्यता और उससे जुड़ी वीटो पॉवर का महत्व समझता है। वह जानता है कि यदि भारत यूएनएससी में स्थायी सदस्य के रूप में आता है तो यूएनएससी के भीतर न केवल अमेरिकी अवाज मुखर होगी बल्कि भारत अमेरिकी मदद से उसके राष्ट्रीय हितों को प्रभावित कर सकेगा। चीन इस बात को भी समझता है कि यदि भारत को यूएनएससी में आने का अवसर मिलता है तो वह विकासशील देशों का बेहतर तरीके से प्रतिनिधित्व कर सकेगा। यही वजह है कि जब कभी भारत का नाम यूएनएससी की स्थायी सीट के लिए आता है, तो चीन भारत के खिलाफ वीटो का इस्तेमाल कर भारत के प्रयासों पर पानी फेर देता है। यूएनएससी संयुक्त राष्ट्र का सबसे प्रभावशाली अंग है। इसमें पांच स्थायी और दस अस्थायी सदस्य होते हैं। स्थायी सदस्यों में संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइडेट किंगडम, फ्रांस, रूस (पूर्ववर्ती यूएसएसआर के स्थान पर) और चीन है। इन्हें




पी-5 देश भी कहा जाता है। 10 अस्थायी सदस्यों का चुनाव दो साल के लिए बारी-बारी से किया जाता है। यूएनएससी में किसी भी मसले पर फैसला लेने के लिए 15 में 9 सदस्यों की सहमति जरूरी होती है। पी-5 देशों में से अगर किसी भी देश ने वीटो पावर का इस्तेमाल कर दिया तो प्रस्ताव खारिज हो जाता है। द्वितीय, सुधार की प्रक्रिया के लिए संयुक्त राष्ट्र चार्टर में संशोधन की आवश्यकता होगी। चार्टर के अनुच्छेद 108 के अनुसार- 'वर्तमान चार्टर में संशोधन संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों के लिए तब लागू होंगे जब उन्हें महासभा के दो-तिहाई सदस्यों के मत से अपनाया जाएगा और सुरक्षा परिषद् के सभी सदस्यों सहित संयुक्त राष्ट्र के दो-तिहाई सदस्यों द्वारा उनकी संबंधित संवैधानिक प्रक्रियाओं के अनुसार अनुमोदित किया जाएगा। संक्षेप में कहें तो यूएनएससी में कोई भी सुधार स्थायी सदस्यों की दया पर निर्भर करता है। भारत लंबे समय से यूएनएससी में सुधार की मांग कर रहा है। यूएन के भीतर और बाहर हर मोर्चे पर वह सक्रिय है। पिछले एक-डेढ दशक से तो परिषद् की स्थायी सदस्यता हासिल करना उसकी विदेश नीति की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। वह संयुक्त राष्ट्र के भीतर परिषद् में सुधारों को लेकर चल रही अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) में भी शामिल है। इसके अतिरिक्त वह और जी-4 भारत, ब्राजील, जर्मनी, जापान और एल.69 समूह ( एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका की विकासशील देशों का अंतर-क्षेत्रीय समूह ) की सदस्यता के माध्यम से अन्य सुधार के क्षेत्र में काम करने वाले देशों के साथ काम कर रहा है। साल 2021 में भारत 8वीं बार यूएनएससी में अस्थायी सदस्य चुना गया। जून 2020 में न्यूयॉर्क में हुए अस्थायी सदस्यों के चुनाव में भारत को 193 सदस्य देशों में से 184 देशों का समर्थन प्राप्त हुआ। अस्थायी सदस्य के तौर पर इतने भारी बहुमत से भारत का चुनकर आना परिषद् में उसकी बढ़ती हुई भूमिका की आवश्यकता और स्वीकार्यता का ही उदाहरण है। मौजूदा भाजपा सरकार ने भी 2024 के लोकसभा चुनाव में जारी संकल्प पत्र में यूएनएससी की स्थायी सदस्यता की मांग करने का वादा किया है।

हालांकि, 1950 और 1960 के दशक में उस वक्त भारत के पास यूएनएससी का स्थायी सदस्य बनने का अवसर आया था जब संयुक्त राज्य अमेरिका और तत्कालीन सोवियत संघ (यूएसएसआर) द्वारा भारत को स्थायी सीट की पेशकश की गई थी। लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने इस पेशकश को स्वीकार नहीं किया और चीन को वरियता देने का सुझाव दिया। भारत के सुझाव को स्वीकार करते हुए चीन को स्थायी सीट की पेशकश की गई जिसे चीन ने बिना किसी हिचकिचाहट के स्वीकार कर लिया। जब भारत सरकार को अपनी भूल का अहसास हुआ तब तक बहुत देर हो चुकी थी। यदि नेहरू उस अवसर को नहीं खोते तो आज इतिहास का रुख अलग ही होता। पीएम मोदी ने यूएन के मौजूदा सत्र में भी परिषद् में सुधार के मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाते हुए कहा कि वैश्विक शांति और विकास के लिए यूएन को सुधारों की प्रक्रिया पर आगे बढ़ना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र के मौजूदा सत्र में जी-4 देशों (भारत, जापान, ब्राजील और जर्मनी) ने यूएनएससी में सुधार की मांग को जबरदस्त और रणनीतिक तरीके से उठाया है। चारों देश स्थायी सदस्यता के लिए एक-दूसरे की दावेदारी का समर्थन करते हैं। इनकी मांग है कि संयुक्त राष्ट्र में वर्तमान भू-राजनीतिक वास्तविकताओं की झलक दिखनी चाहिए ताकि यह वर्तमान के साथ-साथ भविष्य के लिए भी फिट रहे। यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी 15 सदस्यों वाली यूएनएससी को चेतावनी देते हुए आगाह किया कि अगर इसकी संरचना और काम करने के तरीकों में सुधार नहीं किया गया तो यह वैश्विक संस्था अंततः अपनी विश्वसनीयता खो देगी।

(लेखक वरिष्ठ शिक्षाविद् हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

प्रोटीन विज्ञान क्रांति

प्रियंका सौरभ



# परिवर्तनकारी साबित होगा नए प्रोटीन का निर्माण

उभरते हुए साक्ष्य दर्शाते हैं कि प्रोटीन-डिज़ाइन तकनीकों की यह नई नस्ल ऐसे प्रोटीन बना सकती है जो अन्य प्रोटीन से जुड़ते हैं। यह जीव विज्ञान में प्रोटीन फ़ंक्शन को मॉड्यूलेट करने की एक महत्वपूर्ण रणनीति है, और इसे विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना अधिक सटीक और शक्तिशाली चिकित्सा पद्धति का मार्ग हो सकता है। संभावित दवा डिज़ाइनों को स्पष्ट करने के लिए पूर्वानुमानित प्रोटीन संरचनाओं का उपयोग करना भी संभव है। प्रोटीन लगभग सभी जैविक कार्यों के लिए आवश्यक हैं। ये विभिन्न जीवों के एंजाइम, हार्मोन और संरचनात्मक घटकों के रूप में कार्य करते हैं। प्रोटीन इंजीनियरिंग में प्रगति के साथ अब ऐसे प्रोटीन बनाए जाने लगे हैं जिनका कार्य आवश्यकतानुसार पहले से ही निर्धारित होता है। इस तरह के नवाचार विशिष्ट चुनौतियों का समाधान करके चिकित्सा, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण विज्ञान जैसे क्षेत्रों में क्रांति लाने की क्षमता रखते हैं। विशिष्ट चिकित्सीय कार्यों वाले प्रोटीन बनाने से लक्षित दवाओं का विकास संभव होता है, जो रोगों का अधिक सटीक उपचार करती हैं। ये प्रोटीन स्वस्थ कोशिकाओं को प्रभावित करने की क्षमता वैक्सीन विकास प्रक्रिया को गति दे सकती है, जिससे गंभीर स्वास्थ्य खतरों से निपटना आसान हो सकता है। महामारी के दौरान, वायरस से निपटने के लिए तीव्र और प्रभावी समाधान विकसित करने में प्रोटीन-आधारित टीके अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुए थे। तकनीकी अनुप्रयोगों के लिए कम वजन के ढांचे आदि के निर्माण में न्यू प्रोटीन का इस्तेमाल संभव है।

प्रोटीन-इंजीनियर्ड फैब्रिक का उपयोग सेल्फ क्लीनिंग कपड़े बनाने के लिए किया जा सकता है, जिससे सफाई प्रक्रिया में जल और रसायनों की आवश्यकता कम हो सकती है। प्रदूषकों और विषैले पदार्थों को विखंडित करने हेतु डिजाइन किए गए प्रोटीन पर्यावरण की सफाई के लिए आशाजनक समाधान प्रदान करते हैं, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र में प्रदूषण कम होता है। न्यू प्रोटीन ऐसे बायोसेंसर के रूप में कार्य कर सकते हैं, जो उच्च परिशुद्धता के साथ प्रदूषकों और विषाक्त पदार्थों का पता लगाते हैं, जिससे पर्यावरण निगरानी और संरक्षण में सहायता मिलती है। औद्योगिक प्रक्रियाओं में हानिकारक रसायनों की जगह उत्प्रेरक गुणों वाले प्रोटीन का उपयोग किया जा सकता है, जिससे उत्पादन प्रक्रिया पर्यावरण के अधिक अनुकूल हो जाएगी। न्यू प्रोटीन को व्यक्तिगत रोगियों की जैविक प्रोफाइल के अनुरूप डिजाइन किया जा सकता है, जिससे व्यक्तिगत चिकित्सा के क्षेत्र में प्रगति होगी। इंजीनियर्ड प्रोटीन के उपयोग से कैंसर के उपचार के लिए आनुवंशिक डेटा के आधार पर विशिष्ट कैंसर प्रकारों को लक्षित करते हुए चिकित्सीय परिणामों में सुधार किया जा सकता है। कुछ उल्लेखनीय सफलताओं के बावजूद, नैदानिक परीक्षणों में प्रवेश करने वाली केवल 8% दवाएं ही नई दवाओं के रूप में पंजीकृत होती हैं। बेशक, इस दक्षता में कोई भी वृद्धि स्वागत योग्य है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि कितनी नई पंजीकृत दवाएं आबादी के स्वास्थ्य काल या जीवनकाल को भौतिक रूप से बढ़ाती हैं। प्रोटीन स्तर पर आशाजनक परिणाम कई कारणों से नैदानिक परीक्षणों के लिए व्यावहारिक नहीं हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, उपचारात्मक पदार्थों को संश्लेषित, परिवहन और संग्रहीत करने की आवश्यकता होती है, और कुछ प्रोटीन इसके लिए अनुकूल नहीं हो सकते हैं। कंप्यूटर द्वारा पहचाने गए कुछ आशाजनक उपचारात्मक पदार्थ इस तरह के व्यावहारिक कारणों से विफल हो जाएंगे, लेकिन हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि इस क्षेत्र में भी सफलताएं मिली हैं। किसी भी भौतिक सफलता के बाद आम जनता के लिए उपचार की पहुंच पर भी विचार किया जाना चाहिए। इम्यूनोथेरेपी और व्यक्तिगत चिकित्सा महंगी हैं, और नई एआई तकनीकों द्वारा पहचानी गई कुछ चिकित्सीय रणनीतियां उसी श्रेणी में आ सकती हैं। ये चिंताएं प्रोटीन विज्ञान क्रांति द्वारा दिए जाने वाले संभावित लाभों को खारिज करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं बल्कि, वे बताती हैं कि इससे क्या लाभ हो सकता है। विशिष्ट कार्यों वाले नए प्रोटीन के निर्माण ने चिकित्सा, प्रौद्योगिकी और पर्यावरणीय स्थिरता में परिवर्तनकारी संभावनाओं को खोल दिया है। ये प्रगति लक्षित उपचार विकसित करने, निदान प्रक्रिया को उन्नत करने और संधारणीय औद्योगिक प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने के लिए क्रांतिकारी क्षमता प्रदान करती हैं। जैसे-जैसे प्रोटीन इंजीनियरिंग विकसित होगी, यह स्वास्थ्य सेवा, जैव प्रौद्योगिकी और पर्यावरणीय समाधानों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा पाएगी।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ईश्वर की प्राप्ति




संकलित

दर्शन

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत्तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत्तत्व की आराधना है।

## सुख-दुख आते-जाते रहेंगे, भक्ति नहीं छोड़नी चाहिए



संकलित

प्रेरणा

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**श्री राम के आदर्श अपनाने का संकल्प लें**

दशहरा क्यों मनाया जाता है, इसका जवाब यही मिलेगा कि इस दिन भगवान श्रीराम जी ने रावण का वध किया था। और हर कोई यह भी जानता है कि रावण असुर था। वह अपनी शक्तियों का दुरुपयोग मानवता को नष्ट करने के लिए करता था। इस दिन रावण, कुंभकर्ण, मेघनाद के कागज के पुतले जलाकर हम खुशी-खुशी दशहरा मना लेते हैं, लेकिन हम यह कभी नहीं सोचते कि हमारे अंदर जो रावण लालच, लोभ, लालसा, मोहमाया, क्रोध, स्वार्थ, हेराफेरी, बेईमानी, अनैतिकता, अशिष्टाचार, झूठ, फरेब, कुदरत के विरुद्ध जाना, प्रकृति का दोहन करने की कुप्रवृत्ति और न जाने कितनी ही व्याधियों के रूप में समाया है, उसका अंत करने के बारे में कभी नहीं सोचते हैं। दशहरा वह दिन है, जब सभी भारतीयों को राम जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

*-रतन शर्मा, महासमुंद*

## ट्रेंड

### परिवर्तनकारी पहल



गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है, जिससे सभी क्षेत्रों में तेजी से कुशल विकास हो रहा है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### जरूरतमंदों की करें मदद



असली ताकत उन लोगों की मदद करना है जिन्हें इसकी ज़रूरत है। यह उन लोगों के लिए खड़े होने के बारे में है जो हमेशा अपने लिए खड़े नहीं हो सकते। आइए उन नेताओं को वोट दें जो उस तरह का चरित्र प्रदर्शित करते हैं।

-बराक ओबामा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति

### उमर अब्दुल्ला को समर्थन



केंद्र सरकार ने दिल्ली की तरह जम्मू-कश्मीर को भी हाफ स्टेट बना दिया है। हम उमर अब्दुल्ला जी को औपचारिक रूप से समर्थन दे रहे हैं। उम्मीद करते हैं कि वे मेहराज मलिक को भी अपनी सरकार में ज़िम्मेदारी देंगे।

-अरविंद केजरीवाल, आप प्रमुख

### प्रतिभावान युवा कवि



अत्यंत प्रतिभावान युवा कवि पंकज पंडित ने भारत का हृदय कहे जाने वाले बुंदेलखंड को अपनी अनुपम काव्य रचना में प्रस्तुत कर दिया। पंकज पंडित जितना सरस लिखते हैं उतना ही प्रभावशाली सुनाते भी हैं।

-आशुतोष राणा, अभिनेता

## करंट अफेयर

# श्रीलंका में हाई-प्रोफाइल मामलों की होगी जांच

श्रीलंका की नई सरकार ने पुलिस को कुछ हाई-प्रोफाइल मामलों की फिर से जांच करने का आदेश दिया है, जिसमें 2019 के 'ईस्टर संडे' आतंकवादी हमले और 2005 में एक तमिल अल्पसंख्यक समुदाय के पत्रकार की हत्या का मामला भी शामिल है।



पिछले महीने राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने वाली सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) ने उन पिछले मामलों की फिर से जांच करने का वादा किया था, जिनका समाधान नहीं हो पाया था। सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने यह निर्णय इसलिए लिया है, ताकि जांच में किसी भी तरह की चूक की पहचान की जा सके। पुलिस प्रवक्ता निहाल थलदुवा ने शनिवार को कहा, "मंत्रालय ने कार्यवाहक पुलिस प्रमुख से कहा है कि इन मामलों की पुन: जांच की जानी चाहिए।" जिन मामलों की फिर से जांच की जानी है, उनमें 2015 में सेंट्रल बैंक बॉण्ड जारी करने में कथित घोटाला शामिल है, जिसके लिए पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की तत्कालीन सरकार को दोषी ठहराया गया था। इसके अलावा 2019 के 'ईस्टर संडे' आतंकवादी हमले की भी जांच की जानी है, जिसमें 11 भारतीयों सहित 270 से अधिक लोग मारे गए थे।

## ऑफ बीट

# मौसम में बदलाव से लोगों की मन:स्थिति प्रभावित

हमारे जीवन में नैतिक मूल्य वे सिद्धांत हैं जो किसी व्यक्ति की अच्छे और बुरे तथा सही और गलत के बारे में धारणा तय करते हैं। वे हमारी पसंद-नापसंद,



राजनीतिक विचारधाराओं और कई अन्य परिणामी दृष्टिकोणों और कार्यों को भी आकार देते हैं। यह मान लेना आकर्षक है कि किसी व्यक्ति के नैतिक मूल्य समय और परिस्थितियों के बावजूद स्थिर रहते हैं और कुछ हद तक वे स्थिर होते भी हैं लेकिन पूरी तरह से नहीं होते हैं। नैतिक मूल्य बदलते रहते हैं और कभी-कभी विभिन्न स्थितियों में उत्पन्न होने वाले खास विचारों, भावनाओं और प्रेरणाओं के आधार पर इनमें बदलाव आता है। हमारे शोध में इस बात का पता लगाया गया है कि क्या नैतिक मूल्य भी मौसम के साथ बदल सकते हैं? बदलते मूल्य ऋतुओं की विशेषता केवल मौसम में होने वाले बदलाव ही नहीं होता है बल्कि यह हमारे आस-पास के वातावरण और हमारे जीवन की लय में होने वाले अन्य बदलावों पर भी निर्भर करता है। इनमें वसंत के मौसम में सफाई करना, गर्मियों में परिवार के साथ अधिक समय बिताना, पतझड़ के मौसम में स्कूल के लिए खरीदारी या सर्दियों की छुट्टियों की तैयारी करना भी शामिल हो सकता है।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

### बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बयानबाजी का दौर शुरू

# राज्य में कानून से कोई नहीं बच सकता इस मामले में नहीं होनी चाहिए सियासत

## विपक्ष ने महाराष्ट्र सरकार पर खड़े किए सवाल, बताया विफलता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बीती रात एनसीपी के दिग्गज नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई। इसके बाद से वहां बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

बाबा की हत्या पर शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि अपराधियों में पुलिस का डर नहीं रह गया है। गृह मंत्री देवेंद्र फड़णवीस पूरी तरह से विफल रहे हैं, उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। राज्यपाल को इसमें दखल देना चाहिए और देवेंद्र को उनके पद से हटाना चाहिए। वहीं, विपक्ष के आरोपों पर भाजपा ने भी पलटवार किया है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि राज्य में कानून से कोई नहीं बच सकता। एनडीए सरकार ने 24 घंटे के अंदर ही दो आरोपियों को पकड़ लिया है।



### *विपक्ष के आरोपों पर भाजपा बोली जल्द सभी आरोपी गिरफ्त में होंगे*

*बीती रात मुंबई में एनसीपी नेता की हत्या को दुखद बताते हुए भाजपा नेता ने कहा कि इस पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फड़णवीस और अजित पवार की एनडीए सरकार ने 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को पकड़ लिया है। एक आरोपी की तलाश जारी है और उसे भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। बाबा एक बड़े नेता थे। महाराष्ट्र में कोई भी कानून से बच नहीं सकता। हत्या के कुछ ही मिनटों के भीतर पुलिस हरकत में आ गई। उन्होंने एक विशेष टीम का गठन किया। शिंदे खुद पूरी जांच की निगरानी कर रहे हैं।*

### हत्या पर बोले उद्धव...सत्ता में रहने के योग्य नहीं सरकार

शिवसेना (उद्धव) के नेता उद्धव ठाकरे ने बाबा सिद्दीकी की हत्या पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मुंबई देश में ऐसा शहर है जहां दो पुलिस कमिश्नर हैं और अगर पांच कमिश्नर भी रखें तो कई दिक्कत नहीं है। कानून व्यवस्था का क्या? महाराष्ट्र में खुलेआम हत्या होगी , महिला सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रीकी जिम्मेदारी है। वे सिर्फ बड़े बड़े होर्डिंग लगाते हैं। आप सत्ता में राजनेता के तौर पर रहने लायक नहीं हैं। उन्होंने डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस का नाम लेकर कहा कि वे कहते हैं कि कुत्ता भी मरेगा तो विपक्ष इस्तीफा मांगेगा। आप जनता को क्या समझते हैं?



### राहुल गांधी ने सरकार को कोसा



लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या पर दुख जारी किया। राहुल ने इस हत्याकांड को लेकर महाराष्ट्र सरकार की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था पूरी तरह से तबाह है। सिद्दीकी एनसीपी में शामिल होने से पहले लंबे समय तक कांग्रेस के सदस्य रहे थे। राहुलने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'बाबा सिद्दीकी के दुखद निधन से हैरान और दुखी हूं। इस मुश्किल वक्त में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के प्रति हैं। इस भयावह घटना ने महाराष्ट्र की खराब कानून व्यवस्था को उजागर कर दिया है। सरकार को इस मामले की जिम्मेदारी लेनी चाहिए और न्याय होना चाहिए।

### ये लोग पूरे देश में गैंगस्टर राज लाना चाह रहे



दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने बाबा सिद्दीकी की हत्या पर बड़ा बयान दिया है। दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि मुंबई में सरेआम एनसीपी नेता (अजित गुट) की गोली मारकर हत्या की इस वारदात से न केवल महाराष्ट्र बल्कि देशभर के लोग खौफजदा हैं। दिल्ली में भी कमोबेश यही माहौल बना दिया है। ये लोग पूरे देश में गैंगस्टर राज लाना चाहते हैं। जनता को अब इनके खिलाफ खड़ा होना ही पड़ेगा।

### निज्जर को लेकर सवाल करने लगा कनाडा

## भारत ने लगाई जमकर लताड़ दो टूक कहा- साबित तो करो

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा और भारत के रिश्तों में सुधार के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर क हत्याकांड के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ रहा है।

आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले को लेकर भारत सरकार ने कनाडा को करारा जवाब दिया है। भारत ने साफ कर दिया है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो बिना कोई सबूत पेश किए आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए मोदी सरकार के खिलाफ निराधार आरोप नहीं लगा सकते हैं। इसके अलावा भारत ने कहा है कि जस्टिन ट्रूडो तथाकथित दोषियों को पकड़ने के लिए अपनी जांच एजेंसियों को राजनीतिक निर्देश नहीं दे सकते हैं। शनिवार को भारत के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो सरकार के अधिकारी से मुलाकात की थी।



### आसियान शिखर सम्मेलन में हुई थी दोनों देशों के बीच बात

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि जस्टिन ट्रूडो और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच 11 अक्टूबर को आसियान शिखर सम्मेलन में मुलाकात हुई थी। इस दौरान जब पीएम मोदी लाउंज से भोजन स्थल की ओर जा रहे थे, तब जस्टिन ट्रूडो ने उनसे इस मामले को लेकर बात की। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे कहा कि इस मुद्दे पर बात करने के लिए यह सही समय नहीं है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने हाथ भी नहीं मिलाया। बता दें कि कनाडा में अगले साल आम चुनाव होने जा रहे हैं।

### डीएनए टेस्ट से पता चला

## स्पेन में मिली 5 सौ साल पुरानी हड्डियां 'कोलंबस' की निकली

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

स्पेन के सेविले कैथेड्रल मकबरे में मिलीं मानव हड्डियों को लेकर 500 साल पुराने रहस्य का खुलासा हो गया है। दो दशक की रिसर्च और डीएनए विश्लेषण के बाद वैज्ञानिकों ने खुलासा किया है कि ये मानव अवशेष उत्तरी अमेरिका की खोज करने वाले क्रिस्टोफर कोलंबस के हैं। अब ये खुलासा भी हो चुका है कि क्रिस्टोफर कोलंबस को कहां दफन किया गया था? पिछले दो दशकों से मानव हड्डियों को लेकर रिसर्च की जा रही थी। एक्सपर्ट्स यहां से लिए गए नमूनों के डीएनए की तुलना क्रिस्टोफर के रिश्तेदारों और वंशजों से कर रहे थे। अब बड़ा खुलासा वैज्ञानिकों ने कर दिया है। बता दें कि कोलंबस की मौत 1506 में हुई थी। कुछ इतिहासकारों का मानना था कि कोलंबस को डोमिनिकन रिपब्लिक में दफनाया गया था। इन दावों के सामने आने के बाद उनके वास्तविक अवशेषों को खोजने का काम शुरू हुआ था।



### डासना मंदिर के बाहर जमकर कटा बवाल

## मंदिर जाने से रोका तो तनाव की स्थिति बनी, भीड़ पर पुलिस का लाठीचार्ज

एजेंसी ▶▶ मसूरी

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र स्थित डासना देवी मंदिर के पास तनाव की स्थिति पैदा हो गई। हालांकि पुलिस ने लाठीचार्ज करके हालात को काबू कर लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पुलिस ने डासना देवी मंदिर के मुख्य महंत यति नरसिंहानंद के समर्थकों के हिरासत में ले लिया। इसके बाद पुलिस और समर्थकों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई, जिसके बाद पुलिस ने हालात को काबू करने के लिए लाठीचार्ज किया।



### भाजपा विधायक को मंदिर जाने से रोका

भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पुलिस की कार्यवाही का विरोध किया है। उनको भी मंदिर जाने से रोका गया है। कुछ दिनों से डासना देवी मंदिर और यति नरसिंहानंद सुर्खियों में बने हुए हैं। उन्होंने पैगंबर को लेकर विवादित टिप्पणी की थी।







### मोदी सरकार का बुजुर्गों को उपहार

## छह करोड़ लोगों को स्वास्थ्य पैकेज से मिलेगा सीधा फायदा

**स्वास्थ्य पैकेज में बढ़ोतरी करने पर विचार**

**डिस्चार्ज के बाद दवाएं देने की तैयारी**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोदी सरकार 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए जारी स्वास्थ्य पैकेज में बढ़ोतरी करने पर विचार कर रही है। जिसके लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के लिए कार्यरत एजेंसी राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण अब बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य पैकेज में और इजाफा कर सकती है।

इसके तहत सरकार 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी लोगों के लिए स्वास्थ्य कवरेज शुरू होगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि योजना में बढ़ोतरी के बाद लगभग 4.5 करोड़ घरों में अनुमानित छह करोड़ नागरिकों को लाभ प्राप्त होगा। बता दें कि केंद्र सरकार की इस योजना के इस महीने के अंत तक शुरू होने की संभावना है।

### *लाभार्थियों को फ्री में मिलेंगी ये सेवाएं*

*सूत्रों के अनुसार योजना के तहत स्वास्थ्य-लाभ पैकेजों पर निर्णय लेने वाली समिति अधिक स्वास्थ्य पैकेज जोड़ने की आवश्यकता पर विचार कर रही है, जो विशेष रूप से वृद्धावस्था देखभाल के लिए हैं, क्योंकि योजना के शुरू होने के साथ ऐसे लाभार्थियों की संख्या बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। बता दें कि यह योजना वर्तमान में एक बड़ा कवरेज प्रदान करती है जिसमें सामान्य चिकित्सा, सर्जरी, ऑन्कोलॉजी और कार्डियोलॉजी जैसी 27 चिकित्सा विशेषताओं में 1,949 चिकित्सा प्रक्रियाएं शामिल हैं।*



## जैकेट के शेष

### ये कैसा सिस्टम, ....
नए कुलपति की नियुक्ति हो सके और पद रिक्त ना रहे। लेकिन विज्ञापन जारी करने में हुई लेट-लतीफी के कारण छात्रों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### स्वामी विवेकानंद तकनीकी ....
फिलहाल पं.रविशंकर शुक्ल विवि के कुलपति डॉ.सच्चिदानंद शुक्ला को यहां का प्रभार दिया गया है।

### दुर्ग विवि.....
अनुसार, कुलपति पद के लिए आवेदन करने वालों में महंत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.देवाशीष मुखर्जी, सुंदरलाल शर्मा ओपन विवि के कुलपति बीजी सिंह, सरगुजा विवि के पूर्व कुलपति और रविवि में अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ.रोहिणी प्रसाद के नाम भी शामिल हैं। इस साल के अंत तक विवि के नए कुलपति के नाम की घोषणा हो सकती है।

### खैरागढ़ विवि ....
है। इसमें विवि के ही एक वरिष्ठ प्राध्यापक का भी नाम है। विवि स्तर पर यहां कुलपति बनने की राजनीति तेज है।

### सरगुजा विवि :...
जाता है। अब यहां नया कुलपति कौन होगा, इसे लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। नए सिरे से प्रक्रिया आरंभ होगी अथवा कोई अन्य प्रावधान किया जाएगा, यह स्पष्ट नहीं है।

### बाबा हत्याकांड में ....
अधिकारी ने बताया कि पुलिस शुभम लोणकर की तलाश में पुणे गई थी, लेकिन वह वहां नहीं मिला। इसके बाद, पुलिस ने उसके भाई प्रवीण को अपराध में कथित संलिप्तता को लेकर गिरफ्तार कर लिया। सिद्दीकी (66) को शनिवार रात मुंबई के बांद्रा इलाके के खेर नगर में उनके विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर तीन लोगों ने गोली मार दी, जिसके बाद उन्हें लीलावती अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था।

### सलमान हम ....
थे, पर तुमने हमारे भाई का नुकसान करवाया, आज जो बाबा सिद्दीकी के शराफत के पुल बांध जा रहे हैं वो एक टाइम में दाउद के साथ मकोका एक्ट में था। इसके मरने का कारण अनुज थापन और दाउद को बॉलीवुड, राजनीति, प्रॉपर्टी डीलिंग से जोड़ना था।

### ऐसा पहला मामला....
भाजपा के तत्कालीन विधायक क्रमशः रामदास नायक और प्रेमकुमार शर्मा की भी गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। शिवसेना विधायक रहे विठ्ठल चह्वाण और रमेश मोरे की भी मुंबई में 90 के दशक में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### दिवाली पर हवाई ....
38 प्रतिशत घटकर 6,319 रुपए रह गया है, जो पिछले साल 10,195 रुपए था। चेन्नई-कोलकाता मार्ग पर टिकट की कीमत 8,725 रुपए से 36 प्रतिशत घटकर 5,604 रुपए रह गई है।

मुंबई-दिल्ली उड़ान के लिए औसत हवाई किराया 8,788 रुपए से 34 प्रतिशत घटकर 5,762 रुपए रह गया है। इसी तरह, दिल्ली-उदयपुर मार्ग पर टिकट की कीमतों में 34 प्रतिशत की कमी आई है। यह 11,296 रुपए से घटकर 7,469 रुपए रह गई है। दिल्ली-कोलकाता, हैदराबाद-दिल्ली और दिल्ली-श्रीनगर मार्गों पर यह गिरावट 32 प्रतिशत है।

### शाह और यादव ....
को कहा है। विधायक दल की बैठक में नायब सिंह सैनी को नेता चुना जाएगा यह पहले से ही तय है। बृहस्पतिवार 17 अक्टूबर को सैनी अपने मंत्रीमंडल के साथ शपथ लेंगे। गौरतलब है कि हाल ही में हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 90 सीटों में से 48 सीटें जीती हैं। तीन निर्दलीय विधायकों ने भी भाजपा को अपना समर्थन दिया है।

### बेटे की पिटाई ....
अर्जुन्दा पुलिस ने प्रवीण चंदेल, सूर्यकांत शर्मा, सन्नीजीत तिवारी के खिलाफ कार्रवाई कर गिरफ्तार किया। मामले मे सत्यजीत तिवारी को जमानत मिल गई, वहीं दो अन्य आरोपी अभी भी जेल में हैं।

**पिता का अंतिम संस्कार नहीं कर पा रहे** : मृतक की बेटियों ने बताया हम चार बहनों में प्रवीण इकलौता भाई है, उसके जेल में रहने से हम पिता का अंतिम संस्कार नहीं कर पा रहे हैं, उन्होंने आरोप लगाया कि प्रवीण चंदेल से पुलिस कस्टडी मे रातभर मारपीट करने से शरीर पर पड़े निशान को देखकर पिता किशोर चंदेल को गहरा सदमा लगा और वे कोमा में चले गए। जिस प्रकार हमारे भाई को झूठे तरीके से आरोपी बनाकर मारपीट की गई, उससे हमारे पिता सदमे से बाहर नहीं आ सके और अस्पताल में 25 दिन तक इलाज के बाद 13 अक्टूबर की सुबह मौत हो गई। पिता किशोर चंदेल की मौत से उनकी बेटियों का आक्रोश फूट पड़ा वे पिता का शव लेकर सीधे थाना पहुंच गए और परिजन के साथ विधायक कुंवर सिंह निषाद व कांग्रेस कार्यकर्ता व मृतक के परिजन भी थाना पहुंचे।

**कार्रवाई की मांग की है** : प्रवीण चंदेल अस्पताल प्रकरण में आरोपी युवक को डॉक्टर से मारपीट नहीं करने एवं डॉक्टर को बचाने का प्रयास कर रहा था, उसे ही आरोपी बना दिया गया, जो युवक सन्नीजीत तिवारी डॉक्टर से मारपीट कर रहा था, उसके खिलाफ कमजोर कार्रवाई की गई। हमारे पास घटना के वीडियो है, लेकिन पुलिस विभाग ने दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई की। हमने एएसआई, विवेचक एवं दो अन्य सिपाहियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।
- **कुंवर सिंह निषाद**, विधायत

### मारपीट करने का ....
को पुलिस अधिकारियों की विधायक व मृतक के परिजनों से चर्चा के दौरान यह बात सामने आई की सन्नीजीत तिवारी के खिलाफ अधूरी कार्रवाई की गई।

### परिक्रमा के बाद ....
आदिवासियों का समूह नजर आ रहा था। गोलबाजार, पैलेस रोड और सिरहासार दंतेश्वरी मंदिर के आसपास भारी भीड़ जुटी। लोग भीतर रैनी रथयात्रा देखने परिवार के साथ पहुंचे थे। मेला जैसे माहौल के बीच पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। परंपरानुसार देवी दंतेश्वरी मंदिर से छत्र लेकर पुजारी मावली मंदिर में पूजा के बाद रथारूढ़ हुए। विशाल रथ को खींचने किलेपाल परगना से माड़िया जनजाति के लोगों को विशेष रूप से बुलाया जाता है। रथ को रंग बिरंगे कपड़ों और फूलों तथा रंगीन झालरों से सजाया गया था। बहुमंजिला भवन के समान विशाल रथ सिरहासार से गोलबाजार, मिताली चौक होकर दंतेश्वरी मंदिर के सामने पहुंची। पूरे रास्ते भर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ देवी के छत्र को देखने के लिए उमड़ी थी। इस दौरान बस्तर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव, सुकमा जमींदार परिवार के कुमार जयदेव, किरण देव, सांसद महेश कश्यप समेत गांव-गांव से आए मांझी, चालकी, नाईक, पाईक, कोटवार, पटेल, मेम्बर, मेम्बरीन और अन्य लोग मौजूद थे। बड़े अधिकारियों के साथ भारी संख्या में पुलिस के जवान तैनात रहे।

एमवीए के घटक दल के नेताओं ने किया संवाददाता सम्मेलन को संबोधित

# पहले महायुति बताए अपना मुख्यमंत्री कैंडिडेट, फिर हम भी कर देंगे ऐलान



पवार ने कहा- लोगों को मौजूदा सरकार से छुटकारा दिलाना है

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही हफ्तों का समय बचा है। ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव की तैयारियों में जुटी हैं। सीएम चेहरे के उम्मीदवारों की भी चर्चा है। इस बीच शिवसेना यूबीटी नेता उद्धव ठाकरे से जब महाविकास अघाड़ी गठबंधन की तरफ से सीएम चेहरे को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि पहले सत्ताधारी महायुति गठबंधन को सीएम उम्मीदवार का एलान करने दीजिए, उसके बाद उनका गठबंधन भी अपने उम्मीदवार का एलान कर देगा। हाविकास अघाड़ी (एमवीए) के घटक दलों के नेताओं ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान शिवसेना यूबीटी के नेता उद्धव ठाकरे से एमवीए (महाविकास अघाड़ी) के मुख्यमंत्री पद के चेहरे पर सवाल किया गया। इसके जवाब में ठाकरे ने कहा कि 'महायुति को अपना सीएम चेहरा घोषित करने दें, एमवीए भी उसका अनुसरण करेगा। सरकार में होने के नाते महायुति गठबंधन को पहले अपने सीएम चेहरे का एलान करना चाहिए।'

**संदेह के घेरे में राज्य सरकार**

ठाकरे ने कहा कि राज्य सरकार के हर कदम को संदेह की नजर से देखा जा रहा है, जैसे एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में की गई दो गिरफ्तारियां और यहां तक कि बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे की पुलिस मुठभेड़ में हत्या। ठाकरे ने दावा किया कि मुंबई में 'दो पुलिस आयुक्त हैं, लेकिन फिर भी शहर में अपराध की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है।

### शरद पवार बोले- लोग बदलाव के लिए उत्सुक

जब एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार से सीएम चेहरे को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने उद्धव ठाकरे के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि 'जो भी उद्धव ठाकरे ने सीएम चेहरे को लेकर कहा, वह साफ है।' उन्होंने कहा कि 'महाराष्ट्र सरकार की मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना एक धोखा है, जिसके लिए बजट में कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। अगर वे योजना के लिए अलग से वित्तीय प्रावधान करते तो योजना का विरोध नहीं होता।' शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र के लोग राजनीतिक बदलाव के लिए उत्सुक हैं और उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी राज्य विधानसभा चुनाव के परिणाम में उनकी भावना झलकेगी। पवार ने दावा किया कि देश में सबसे अच्छा माना जाने वाला राज्य प्रशासन महायुति शासन के तहत हतोत्साहित हो गया है। उन्होंने कहा, 'हम लोगों को मौजूदा सरकार से मुक्ति दिलाना चाहते हैं और मुझे विश्वास है कि लोग हमारा समर्थन करेंगे। आगामी राज्य चुनावों में एमवीए अपने लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन को दोहराएगा।

**महायुति में ये दल हैं शामिल**

महायुति में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भाजपा और अजित पवार की एनसीपी शामिल हैं। शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने कहा कि हाल ही में हुए हरियाणा विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और भाजपा के वोट शेयर में केवल 0.6 प्रतिशत का अंतर है, फिर भी भाजपा को अधिक सीटें मिलीं। उन्होंने कहा, 'जम्मू-कश्मीर चुनाव परिणाम पर चर्चा क्यों नहीं की जाती? अनुच्छेद 370 (जिसने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा दिया था) को निरस्त करने के बाद, पार्टी (भाजपा) को चुनावों में जीत हासिल करनी चाहिए थी।'

## पेज एक के शेष

### हरिभूमि की खबर...
की जाएगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा काउंसिलिंग के लिए पूर्व से निर्धारित नियम का पालन किया जा रहा है। सलाह के अनुसार इसमें संशोधन की आवश्यकता हुई तो वह किया जाएगा। मामले में विभागीय स्तर पर उच्च अधिकारी मंथन में जुटे हुए हैं।

### आमरण-अनशन में तीन...
पिछले कुछ दिनों में जब दुर्गा पूजा उत्सव चल रहा था, बड़ी संख्या में आम लोग अनशन स्थल पर आए। कनिष्ठ चिकित्सक आरजी कर अस्पताल में बलात्कार एवं हत्याकांड की शिकार सहकर्मी के लिए न्याय, स्वास्थ्य सचिव एन.एस. निगम को तत्काल हटाने, कार्यस्थल पर सुरक्षा और अन्य उपायों की मांग कर रहे हैं। उनकी अन्य मांगों में राज्य के सभी अस्पतालों एवं चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए एक केंद्रीकृत रेफरल प्रणाली की स्थापना करने, बिस्तर रिक्ति निगरानी प्रणाली का कार्यान्वयन और कार्यस्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, ऑन-कॉल रूम और शौचालय के लिए आवश्यक प्रावधान सुनिश्चित करने के वास्ते टास्क फोर्स के गठन की मांग शामिल भी है। पांच अक्टूबर से शुरू हुआ आमरण अनशन दो चरणों में करीब 50 दिनों तक चले 'काम बंद' के बाद शुरू हुई है। उनका आंदोलन सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के अंदर ड्यूटी पर तैनात एक प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ नौ अगस्त को कथित तौर पर बलात्कार और हत्या के बाद शुरू हुआ था। कोलकाता पुलिस ने हालांकि अगले दिन एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर अब सीबीआई मामले की जांच कर रही है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से स्थिति बिगड़ने से पहले हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। निजी अस्पतालों के चिकित्सकों ने आमरण अनशन कर रहे आंदोलनकारी जूनियर चिकित्सकों के साथ एकजुटता दिखाते हुए, राज्य के चिकित्सा प्रतिष्ठानों में 14 अक्टूबर से 48 घंटे के "आंशिक कार्य बंद" का आह्वान किया है। निजी अस्पतालों के स्वास्थ्य पेशेवरों के बैनर तले चिकित्सकों ने, हालांकि कहा कि सभी चिकित्सा सुविधाओं में आपातकालीन सेवाएं चालू रहेंगी।

### पूर्व मेजर जनरल ....
धोखाधड़ी के लिए एक बैंक खाता उपलब्ध कराया था। ठगी की वारदात थाईलैंड में बैठे साइबर अपराधियों के गिरोह ने की थी। पुलिस उपायुक्त (साइबर क्राइम) प्रीति यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जयपुर निवासी कानाराम (30), ललित कुमार (22) और सचिन कुमार (30) के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि नोएडा के सेक्टर-31 निवासी सेवानिवृत्त मेजर जनरल ने 28 अगस्त को साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके साथ दो करोड़ रुपये की ठगी हुई है।

**पांच दिन तक रखा डिजिटल अरेस्ट** : पीड़ित के अनुसार, उन्हें पांच दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा गया था। ठगी से पहले फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को एक कुरियर कंपनी का कर्मचारी बताया।

# भाजपा को आतंकी पार्टी बताना खड़गे की हताशा का नतीजा: नड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि मल्लिकार्जुन खड़गे का भाजपा को आतंकी पार्टी बताना, कांग्रेस की इसी हताशा और वैचारिक शून्यता को दर्शाता है। उन्होंने रविवार को एक बयान में कहा कि लगातार हार पर हार की हताशा और निराशा में कांग्रेस वैचारिक दिवालियेपन की शिकार होती चली जा रही है। जब जमीन पर कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की गरीब कल्याण नीतियों, योजनाओं और राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत का मुकाबला नहीं कर पा रही तो उसका पूरा शीर्ष नेतृत्व भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को गाली देने के साथ-साथ देश को बदनाम करने में लग गया है। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के अर्बन नक्सल होने के जवाब में ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस की लगातार हार की खीझ से उनका पूरा शीर्ष नेतृत्व सदमें में है।




## राशिफल

**मेष** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से धन की प्राप्ति भी हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आय में वृद्धि हो सकती है। परिवार के किसी बुजुर्ग से धन प्राप्त हो सकता है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। यात्रा पर भी जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कर्क** — आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। पिता से धन प्राप्ति हो सकती है। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**सिंह** — सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**कन्या** — आय में वृद्धि होगी। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि होगी। लेखानादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।

**वृश्चिक** — नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। मेहनत अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सचेत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। कारोबार के लिए भाई-बहनों से धन की प्राप्ति हो सकती है। मानसिक परेशानियां बनी रहेंगी।

**मकर** — परिश्रम ज्यादा रहेगा। बातचीत में संयत रहें। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। अपनी सेहत का ध्यान रखें। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय रहेगा। अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। मानसिक तनाव हो सकता है। आत्मसंयत रहें। मन अशान्त रहेगा। धन की स्थिति में सुधार होगा।

**मीन** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धन की स्थिति में सुधार होगा। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ेगा। अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

# भाजपा हाईकमान की हिदायत के बाद ढीले पड़े राव इंद्रजीत के तेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हरियाणा विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद से ही सरकार में अहीरवाल की भागीदारी की बात मुखर तरीके से बुलंद कर रहे केन्द्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत के तेवर रविवार को ढीले पड़ गये।



दिल्ली में भाजपा के सूत्र बताते हैं कि हरियाणा में मिली जीत के बाद राव इंद्रजीत के सार्वजनिक बयान पार्टी नेतृत्व को असहज कर रहे थे। ऐसे में उनको पार्टी हाईकमान की तरफ से संदेश भेजा गया कि जो भी बात रखनी है उसे उचित प्लेटफार्म पर रखिये। इसके बाद रविवार को राव इंद्रजीत ने 'एक्स' पर लिखा, 'कुछ मीडिया चैनलों पर तथ्यहीन खबरें चलाई जा रही है, जिनमे मुझे नौ विधायकों के साथ बगावती दिखाया जा रहा है। यह सब तथ्यहीन, आधारहीन समाचार है। मैं और सभी साथी विधायक भारतीय जनता पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हुए हैं।'

दरअसल, अहीरवाल में भाजपा के दो दिग्गज आमने-सामने हैं। राव इंद्रजीत सिंह और राव नरबीर सिंह। केन्द्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत हाल ही में अहीरवाल में भाजपा की टिकट पर चुनाव जीते अपने चेहते विधायकों के बल पर हरियाणा सरकार में तगड़ी भागीदारी चाहते हैं। वे मुखर हैं। मीडिया में उनके बयान चर्चित हुए और उनके सुरों को पार्टी के खिलाफ बगावती बताया गया। दूसरी तरफ इंद्रजीत के साथ छत्तीस का आंकड़ा रखने वाले और हाल ही भाजपा के टिकट पर बादशाहपुर सीट से विधायक चुने गये राव नरबीर हैं।

**खास बातें**

- 'बगावत की खबरें तथ्यहीन, मैं और सभी साथी विधायक मजबूती से भाजपा के साथ'
- नायब सरकार में अपने समर्थक विधायकों की बड़ी भागीदारी चाहते हैं इंद्रजीत
- धुर विरोधी राव नरबीर भी लो प्रोफाइल तरीके से कर रहे मंत्री बनने की कोशिश

**इंद्रजीत नहीं चाहते राव नरबीर मंत्री बनें**

बादशाह पुर से विधायक बने नरबीर ने टिकट वितरण से पहले एलान किया था कि अगर उन्हें भाजपा ने टिकट नहीं दिया तो वे निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। नरबीर के तेवर देख भाजपा हाईकमान अलर्ट हुआ। फिर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से उनकी बैठक हुई और वे पार्टी के उम्मीदवार बनने में सफल रहे। भारी मतों से चुनाव जीतने में भी कामयाब रहे। 2019 में उनका टिकट कट गया था। राव नरबीर अब अहीरवाल कोटे से मंत्री बनने की कोशिशों में जुटे हैं।

**बेटी आरती को उपमुख्यमंत्री बनवाने की इच्छा**

बताया जा रहा है कि राव इंद्रजीत चाहते हैं कि लगातार हर चुनाव में भाजपा की जीत में साथ खड़े रहने का ईनाम अहीरवाल को मिलना चाहिए। उनको पता है कि मुख्यमंत्री की कुर्सी पर तो हर हाल में नायब सिंह सैनी ही बैठेंगे, लिहाजा उनकी कवायद अहीरवाल में उपमुख्यमंत्री का पद लाने की है। दरअसल, इंद्रजीत की एक पीड़ा ये भी है कि वे लगातार तीन बार से मोदी सरकार में राज्यमंत्री हैं। उन्होंने कई बार सार्वजनिक तौर पर कहा भी है कि वे कबतक राज्यमंत्री बनते रहेंगे। राव इंद्रजीत अब सैनी सरकार में बड़ी भागीदारी चाहते हैं ताकि वे दक्षिण हरियाणा की राजनीति में अपना कद और बड़ा कर सकें। उनकी कोशिश है कि पहली बार विधायक बनी उनकी बेटी आरती राव को सरकार में उपमुख्यमंत्री का पद मिले। पटौदी से विधायक बिमला चौधरी और रेवाड़ी से विधायक बने लक्ष्मण यादव को मंत्री बनवाने के लिए भी वे प्रयासरत हैं।

पंजाब में चक्का जाम

# जालंधर में जम्मू-दिल्ली हाईवे पर बैठे किसान

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब में रविवार को किसानों ने हाईवे जाम कर दिए हैं। धान की खरीद व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित करने को लेकर किसान सड़कों पर उतर आए हैं। इस वजह से वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई है। इससे सबसे ज्यादा परेशानी आम जनता को झेलनी पड़ रही है। किसानों ने सरकारी बसों सहित सभी तरह के छोटे-बड़े वाहनों को रोक दिया है। पंजाब के जालंधर में भी किसानों ने दोपहर 12 बजे धन्नोवाली फाटक के पास से नेशनल हाईवे जाम कर दिया। जालंधर-लुधियाना हाईवे पर धन्नोवाली रेलवे क्रासिंग के पास सड़क पर किसान बैठे हुए हैं। इससे यातायात व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गईं। इस दौरान किसान वाहन चालकों को हड़काते भी दिखाई दिए। सबसे बड़ी बात यह थी कि किसानों ने दोनों तरफ से हाईवे बंद कर दिया है, जिसके चलते लुधियाना, अंबाला, दिल्ली जाने वाला यातायात प्रभावित हुआ। इसके अलावा अमृतसर, पठानकोट, जम्मू सहित अन्य राज्यों में जाने वाला यातायात भी बाधित हो गया।

**आमजन परेशान**



**लुधियाना-बठिंडा हाईवे पर चक्का जाम**

एसकेएम के आह्वान पर रविवार को किसान और मजदूर संगठनों ने लुधियाना-बठिंडा राज मार्ग पर रायकोट के सरदार हरी सिंह नलवा चौक और कस्बा सुधार बाजार स्थित खालसा कॉलेज के सामने धरना देकर यातायात ठप कर दिया है। पहले से ही तय कार्यक्रम के तहत इन जत्थेबंदियों के नेता और कार्यकर्ता ठीक 12 बजे धरनास्थल पर पहुंचे और सड़कें जाम कर दी। रायकोट में कुल हिंद किसान सभा और खेत मजदूर यूनियन द्वारा सभा के राज्य महासचिव बलजीत सिंह की अगुवाई में प्रदर्शन किया गया। सुधार बाजार में बीकेयू दोआबा के जिला प्रधान जसप्रीत सिंह जस्सी ढट्ट की अगुवाई में किसान और मजदूर धरने पर बैठे हैं। जस्सी ढट्ट ने कहा कि सरकारें लगातार किसान मजदूरों को झूठे आश्वासन देकर बरगला रही हैं, जबकि धरातल पर दोनों वर्गों की परेशानी हल नहीं हुई।

हिन्दू संगठन के सदस्यों ने किया जोरदार स्वागत

# गौरी लंकेश की हत्या के आरोपियों को जमानत

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू



कर्नाटक के बेंगलुरु में पत्रकार गौरी लंकेश हत्याकांड के कुछ आरोपियों की रिहाई ने शहर में विवाद खड़ा कर दिया। यह विवाद जुड़ा है आरोपी पारसुराम वाघमोर और मनोहर यादव की रिहाई को लेकर, जिनका शनिवार को कुछ हिंदुत्ववादी संगठनों ने भव्य स्वागत किया। यह स्वागत समारोह सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हिंदुत्ववादी संगठनों ने आरोपियों को शॉल और माला पहनाई। इसके अलावा धार्मिक अनुष्ठानों का भी आयोजन किया गया। वहीं कालीकादेवी मंदिर में पूजा के अलावा शिवाजी महाराज की मूर्ति पर पुष्पमाला भी अर्पित की गई। बेंगलुरु की सेशन कोर्ट ने हाल ही में गौरी लंकेश हत्याकांड में शामिल आठ आरोपियों को जमानत दी है। इस साल सितंबर में, कर्नाटक हाई कोर्ट ने चार अन्य आरोपियों को भी जमानत दे दी थी। इसके बाद 9 अक्टूबर को सेशन कोर्ट ने बेल पर राहत दे दी थी, जिसके तुरंत बाद 11 अक्टूबर को वे जेल से रिहा हो गए।

**कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर जिला-बस्तर (छ.ग.)**

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**


क्र./3280 / न.पा. नि. / लो.नि.वि./ 2024 जगदलपुर दिनांक 10/10/2024

नगरपालिक निगम जगदलपुर द्वारा निम्नांकित कार्यो का क्रियान्वयन हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत "डी" एवं ऊपर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "A" में, दर अनुसूची से कम एवं अधिक प्रतिशत दर दिनांक 25.10.2024 को समय 02.30 बजे तक स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक से निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त समस्त निविदायें दिनांक 25.10.2024 को सायं 04.30 बजे खोले जावेगें। इस हेतु कोरे निविदा प्रपत्र दिनांक 16.10.2024 को सायं 05.30 बजे तक आवेदन पत्र के साथ निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क सहित प्रस्तुत करने पर दिनांक 17.10.2024 को कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। नियम एवं शर्त कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय या विभागीय वेबसाइट www.nagarnigamjagdalpur.in एवं http://uad.cg.gov.in से एवं लोक निर्माण शाखा में देखी / प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा राशि (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 39 में शिव शक्ति सॉ मिल गली सी.सी. सड़क निर्माण | 9.48 | 9000.00 |
| 2 | श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 39 में लक्ष्मी नारायण सदन सी.सी. सड़क निर्माण | 8.66 | 8500.00 |

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

## शब्द पहेली - 5661



**बाएँ से दाए**
1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदरी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट, बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1. तराजू डंडा, पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

**शब्द पहेली - 5660 का हल**



## सूडोकू नवताल 5673

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGA_SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल- 5672 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## खबर संक्षेप

### सीसीपीए का ओला को उपभोक्ता अनुकूल बदलाव का निर्देश



**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने टैक्सी सेवा देने वाली कंपनी ओला को उपभोक्ता अनुकूल बदलाव लागू करने का निर्देश दिया है। इसमें रिफंड के विकल्प देना और 'ऑटो राइड' के लिए रसीदें देना शामिल है। ओला की रिफंड नीति में केवल भविष्य की राइड के लिए कूपन कोड दिए गए थे।

### काइनेटिक इंजीनियरिंग अनुषंगी में 30 करोड़ करेगी निवेश




**मुंबई।** काइनेटिक इंजीनियरिंग लि. अपनी अनुषंगी कंपनी काइनेटिक वाट्स एंड वोल्ट्स में 30 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। पुणे की वाहन कलपुर्जा विनिर्माता काइनेटिक एनर्जी ने 2022 में मोटर, एक्सल, फ्रेम, कंट्रोलर और बैटरी जैसे इलेक्ट्रिक वाहन उपकरणों के विनिर्माण के लिए एक अनुषंगी कंपनी स्थापित करने की घोषणा की थी।

### मैक्रोटेक डेवलपर्स का शुद्ध कर्ज में 14 फीसदी की वृद्धि

LODHA
MACROTECH DEVELOPERS LIMITED

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स लिमिटेड का शुद्ध कर्ज चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 14 प्रतिशत बढ़कर 4,920 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के कर्ज में वृद्धि भूमि अधिग्रहण और निर्माण पर निवेश करने के कारण हुई है। मुंबई स्थित मैक्रोटेक डेवलपर्स लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी परियोजनाएं बेचती है।

### बाजार पूंजीकरण में टीसीएस को हुआ बड़ा नुकसान




**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह संयुक्त रूप से 1,22,107.11 करोड़ रुपये घट गया। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। शेयर बाजार में कमजोर रुख के अनुरूप प्रमुख कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई।

### जस्ट डायल का मुनाफा दोगुना होकर 154 करोड़ रुपए

Justdial
India's No.1 local search engine

**नई दिल्ली।** स्थानीय सर्च इंजन जस्ट डायल लिमिटेड का दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा दोगुना से अधिक होकर 154 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। एक साल पहले जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 71.79 करोड़ रुपये रहा था। जस्ट डायल अब रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड के नियंत्रण वाली इकाई है।

### चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह 18 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष (2024-25) में 10 अक्टूबर तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 18.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 11.25 लाख करोड़ रुपये रहा है। जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आंकड़ों के अनुसार, इसमें 5.98 लाख करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर संग्रह और 4.94 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट कर संग्रह शामिल है। प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) 30,630 करोड़ रुपये रहा, जबकि अन्य करों (समानीकरण शुल्क और उपहार कर सहित) से 2,150 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

# ऑप्शन ट्रेडिंग में नुकसान से निवेशकों को बचाने वीकली कॉन्ट्रैक्ट्स होंगे बंद

## एनएसई बैंक निफ्टी, निफ्टी मिडकैप और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज के कॉन्ट्रैक्ट्स करेगी बंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- बदलाव के तहत 13, 18 और 19 नवंबर से वीकली डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स बंद हो जाएंगे

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने बैंक निफ्टी, निफ्टी मिडकैप सेलेक्ट और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज के वीकली इंडेक्स डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स को बंद करने का अहम फैसला लिया है। अब से केवल निफ्टी के वीकली डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स की एक्सपायरी होगी।

एनएसई ने यह निर्णय भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के हालिया दिशानिर्देशों के तहत लिया है। यह बदलाव 13, 18 और 19 नवंबर से लागू होंगे, जिसके बाद बैंक निफ्टी, निफ्टी मिडकैप और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज के वीकली डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स बंद हो जाएंगे।

### 1 अक्टूबर को जारी हुआ था आदेश

यह कदम सेबी के 1 अक्टूबर को जारी निर्देशों का पालन करते हुए उठाया गया है, जिसमें एक्सचेंजों को केवल एक बेंचमार्क इंडेक्स के वीकली ऑप्शन एक्सपायरी की अनुमति देने का आदेश दिया गया था। इस नए नियम का उद्देश्य डेरिवेटिव ट्रेडिंग में अटकलों और विशेष रूप से एक्सपायरी के दिनों में होने वाली अत्यधिक उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करना है। इन बदलावों के तहत एक्सचेंजों को यह सुनिश्चित करना होगा कि ट्रेडिंग के दौरान कम से कम चार बार इंट्राडे पोजीशन की निगरानी की जाए, ताकि बाजार में स्थिरता बनी रहे और निवेशकों के हित सुरक्षित रहें।



### बीएसई ने भी बंद किए वीकली कॉन्टैक्टस

एनएसई के अलावा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने भी सेबी के निर्देशों के तहत अपने वीकली डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स बंद करने की घोषणा की थी। बीएसई ने 3 अक्टूबर को घोषणा की कि 14 नवंबर से सेंसेक्स 50 के वीकली डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स बंद कर दिए जाएंगे और 18 नवंबर से बैंक के वीकली कॉन्ट्रैक्ट्स भी बंद कर दिए जाएंगे।

### 1.81 लाख करोड़ रुपए गंवा बैठे हैं निवेशक

सेबी ने इस निर्णय के पीछे निवेशकों की सुरक्षा और बाजार की स्थिरता को बढ़ाने का कारण बताया है। वित्त वर्ष 2021-22 से लेकर वित्त वर्ष 2023-24 तक फ्यूचर्स और ऑप्शन (एफएंडओ) ट्रेडिंग में 1.13 करोड़ यूनिक इंडीविजुअल ट्रेडर्स ने 1.81 लाख करोड़ रुपए की बड़ी रकम गंवाई है, जिससे सेबी की चिंताएं बढ़ी हैं। सेबी ने यह देखा है कि डेरिवेटिव्स ट्रेडिंग में अत्यधिक उतार-चढ़ाव के कारण कई निवेशक नुकसान उठा रहे हैं, इसलिए इस क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता महसूस की गई।

## पाइपलाइन से नहीं जुड़े कुओं से प्राकृतिक गैस निकालने पर विचार

# ओएनजीसी दूर-दराज क्षेत्रों से गैस निकालने को छोटे एलएनजी संयंत्र करेगी स्थापित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) पाइपलाइन से नहीं जुड़े कुओं से प्राकृतिक गैस निकालने के लिए छोटे आकार के एलएनजी संयंत्र स्थापित करने पर विचार कर रही है। कंपनी ने गैस कुओं के पास ऐसे संयंत्र स्थापित करने के लिए आंध्र प्रदेश, झारखंड और गुजरात में पांच स्थानों की पहचान की है। ये संयंत्र जमीन के नीचे से निकाली गई गैस को तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) में बदलेंगे।

### गैस की अवस्था फिर परिवर्तित होगी

इस एलएनजी को क्रायोजेनिक ट्रकों के जरिये समीप के पाइपलाइन में ले जाया जाएगा जहां इसे गैस की अवस्था में फिर से परिवर्तित किया जाएगा। उसके बाद इसकी आपूर्ति बिजली संयंत्रों, उर्वरक इकाइयों या शहर में गैस वितरण करने वाली खुदरा विक्रेताओं को की जाएगी।

### गैस का उपयोग करने निविदा जारी

ओएनजीसी ने विनिर्माताओं/सेवा प्रदाताओं से ऐसे प्राकृतिक गैस का उपयोग करने के लिए एक निविदा जारी की है। निविदा में छोटे-एलएनजी संयंत्र स्थापित करने के लिए आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में दो और गुजरात के अंकलेश्वर को चिन्हित किया गया है। इसके अलावा झारखंड के बोकारो और गुजरात के कैम्बे में एक-एक स्थान की पहचान की गयी है।

### आंध्र प्रदेश, झारखंड व गुजरात सहित पांच स्थान की पहचान




- संयंत्र जमीन के नीचे से निकाली गैस को एनएनजी में बदलेंगे
- एलएनजी को क्रायोजेनिक ट्रकों से समीप के पाइपलाइन में ले जाया जाएगा

*गैस का उपयोग बिजली उत्पादन व उर्वरक बनाने में*

*इसका उपयोग बिजली उत्पादन, उर्वरक बनाने और वाहन चलाने के लिए सीएनजी में परिवर्तित करने तथा खाना पकाने लिए पाइप के जरिये घरों में पहुंचने वाली रसोई गैस के रूप में किया जाता है। लेकिन घरेलू उत्पादन मांग का लगभग आधा हिस्सा पूरा करता है।*

### पांच साल तक किया जा सकता है उत्पादन

इसमें कहा गया है कि इस प्रकार की फंसी हुई गैस की मात्रा 5,000 से 50,000 मानक घन मीटर प्रतिदिन तक हैं। इनका उत्पादन पांच साल तक किया जा सकता है। निविदा में विनिर्माताओं और सेवा प्रदाताओं से 'एलएनजी का उत्पादन करने के लिए बीओओ (बनाओ, स्वामित्व और परिचालन) के आधार पर एक छोटे पैमाने पर एलएनजी संयंत्र स्थापित करने और खपत स्थलों तक पहुंचाने के लिए बोलियां आमंत्रित की गईं हैं।

### देश का सबसे बड़ा कच्चा तेल व प्राकृतिक गैस उत्पादक

ओएनजीसी भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस उत्पादक है। कंपनी आयात पर भारत की निर्भरता को कम करने तथा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए अरबों डॉलर का निवेश कर रही है। इस निविदा के जारी होने से पहले, कंपनी ने मध्य प्रदेश में विंध्य बेसिन में अपने हट्टा गैस क्षेत्र के पास एक छोटे आकार का एलएनजी संयंत्र स्थापित करने के लिए देश के सबसे बड़े खुदरा ईंधन विक्रेता इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के साथ साझेदारी की थी।

### पाइपलाइनों का एक व्यापक नेटवर्क

ओएनजीसी ने निविदा दस्तावेज में कहा कि देश में पाइपलाइनों का एक व्यापक नेटवर्क है। पाइपलाइन के ये नेटवर्क आपूर्ति और मांग केंद्रों को जोड़ता है। इसके बावजूद बड़ी मात्रा में ऐसे गैस हैं, जो पाइपलाइन से जुड़े नहीं है। इनका उपयोग घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाना आवश्यक है।

### देश में प्रतिदिन नौ करोड़ मानक घन मीटर गैस उत्पादन

इसके अलावा, इसमें एलएनजी को फिर से गैस में बदलने और फिर उसे मौजूदा गैस वितरण ग्रिड में डालने अथवा सीधे थोक उपभोक्ताओं को आपूर्ति करने की बात भी शामिल है। देश में प्रतिदिन नौ करोड़ मानक घन मीटर से अधिक प्राकृतिक गैस का उत्पादन होता है।

# एसबीआई की तत्काल ऋण योजना के तहत सीमा बढ़ाने की योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- एमएसएमई को पर्याप्त कर्ज उपलब्ध कराने तत्काल ऋण योजना
- कर्ज सीमा को मौजूदा पांच करोड़ से बढ़ाने की योजना

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) एमएसएमई क्षेत्र को आसानी से पर्याप्त कर्ज उपलब्ध कराने के लिए तत्काल ऋण योजना के तहत कर्ज सीमा को मौजूदा पांच करोड़ रुपये से बढ़ाने की योजना बना रहा है।

'एमएसएमई सहज' 'डिजिटल इनवॉयस' वित्त पोषण योजना है। इसके तहत बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के 15 मिनट के भीतर ऋण के लिए आवेदन करने, दस्तावेज उपलब्ध कराने और स्वीकृत ऋण को जारी करने की सुविधा दी जाती है। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने बातचीत में कहा, 'हमने पिछले साल पांच करोड़ रुपये तक की ऋण सीमा के लिए एक डेटा आधारित मूल्यांकन शुरू किया था। हमारी एमएसएमई शाखा में आने वाले किसी भी व्यक्ति को केवल अपना पैन और जीएसटी आंकड़ों तक पहुंच की अनुमति देनी होगी। हम 15-45 मिनट में मंजूरी दे सकते हैं।' शेट्टी ने कहा कि बैंक एमएसएमई ऋण के सरलीकरण पर जोर दे रहा है। इससे गिरवी रखने की जरूरत कम हो जाती है, और बहुत से लोग संगठित एमएसएमई उधार प्रणाली में आ सकेंगे। शेट्टी ने कहा, ''अभी भी बड़ी संख्या में एमएसएमई ग्राहक हैं, जो असंगठित क्षेत्र से ऋण ले रहे हैं।

### हम 40 करोड़ ग्राहकों की सेवा करते हैं

शेट्टी ने कहा, ''हम लगभग 50 करोड़ ग्राहकों की सेवा करते हैं और हमें यह कहते हुए गर्व है कि हम हर भारतीय और हर भारतीय परिवार के बैंकर हैं।' शेट्टी ने कहा कि उनका प्रयास एसबीआई को न केवल शेयरधारकों के लिए, बल्कि प्रत्येक संबंधित पक्षों के लिए सर्वश्रेष्ठ और सबसे मूल्यवान बैंक में बदलने का है।


# विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजारों से मोह हो रहा भंग

- अक्टूबर में अब तक शेयरों से निकाले 58,711 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक अक्टूबर में शुद्ध बिकवाल रहे और इस महीने अब तक 58,711 करोड़ रुपये शेयर बाजार से निकाले। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष, कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि और चीनी बाजार के मजबूत प्रदर्शन के कारण विदेशी निवेशकों ने बिकवाली की।

इससे पहले, विदेशी निवेशकों ने सितंबर में 57,724 करोड़ रुपये का निवेश किया था। यह नौ महीने का उच्चतम स्तर था। डिपोजिटरी के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल-मई में 34,252 करोड़ रुपये निकालने के बाद, जून से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने लगातार इक्विटी बाजार में पैसा लगाया।



*भारत में बेचो, चीन में खरीदों की नीति : जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार का मानना है कि चीन में धीमी अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिए मौद्रिक और राजकोषीय उपायों की घोषणा के बाद एफपीआई 'भारत में बेचो, चीन में खरीदो' की रणनीति अपना रहे हैं। एफपीआई चीन में शेयरों में पैसा लगा रहे हैं, जो अब भी अपेक्षाकृत सस्ता है।*

## ग्लेनमार्क अमेरिका में अपने उत्पाद वापस मंगाए




**नई दिल्ली।** अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने कहा है कि दवा कंपनी ग्लेनमार्क विनिर्माण संबंधी कमियों के कारण अमेरिका में अपने दो उत्पाद वापस मंगा रही है। भारतीय कंपनी ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स की इकाई न्यू जर्सी स्थित ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स रायलट्रिस (ओलोपाटाडाइन हाइड्रोक्लोराइड और मोमेटासोन फ्लोरेट) नेजल स्प्रे की 45,504 बोतलें वापस मंगा रही है। यूएसएफडीए ने अपनी ताजा प्रवर्तन रिपोर्ट में कहा कि कंपनी 'दोषपूर्ण वितरण प्रणाली' के कारण प्रभावित लॉट को वापस मंगा रही है। इसमें कहा गया कि डिप ट्यूब बंद हो गई है, जिसके कारण स्प्रे काम नहीं कर रहा है। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने कहा कि दवा कंपनी कुछ फंगल त्वचा संक्रमणों के इलाज के लिए एक जेनेरिक दवा को भी वापस मंगा रही है।

## ओला इलेक्ट्रिक के खिलाफ 10 हजार से अधिक शिकायतें



**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन विनिर्माता ओला के खिलाफ एक साल में गुणवत्ता और बिक्री के बाद की सेवा से संबंधित 10,000 से ज्यादा उपभोक्ता शिकायतें मिली हैं। इन शिकायतों का समाधान नहीं होने के बाद उपभोक्ता अधिकार नियामक सीसीपीए ने सामूहिक कार्रवाई शुरू करते हुए कंपनी को नोटिस भेजा है। एक सूत्र ने कहा कि राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) को पिछले एक साल से ओला इलेक्ट्रिक के खिलाफ शिकायतें मिल रही थीं।

समाधान के लिए इन शिकायतों को कंपनी के उच्चस्तर तक भेजा गया, ''लेकिन इन शिकायतों के समाधान में बहुत कम दिलचस्पी दिखाई गई।

# वैश्विक गतिविधियां और मुद्रास्फीति के आंकड़े देंगे शेयर बाजार को दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- विदेशी निवेशकों का रुख भी तय करेगा दिशा
- कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव पर रहेगा बाजार की नजर

कंपनियों के वित्तीय परिणाम, विदेशी निवेशकों का रुख और मुद्रास्फीति के आंकड़े इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर जारी संकट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर भी बाजार की नजर रहेगी। विश्लेषकों ने यह कहा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, ''आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा काफी हद तक कंपनियों के वित्तीय परिणाम पर निर्भर करेगी। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और एचसीएल टेक्नोलॉजीज जैसी प्रमुख कंपनियां अपने परिणाम जारी करने वाली हैं। वृहद आर्थिक मोर्चे पर निवेशक सोमवार को जारी होने वाले सितंबर के सीपीआई (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति) और डब्ल्यूपीआई (थोक मूल्य सूचकांक आधारित) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर नजर रखेंगे। निवेशक वैश्विक स्तर पर जारी तनावों, विशेष रूप से कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी कोषों के रुख पर भी करीबी नजर रखेंगे। मिश्रा ने कहा कि इस सप्ताह सीपीआई और डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति सहित प्रमुख घरेलू आर्थिक आंकड़े भी जारी होने वाले हैं। बीते सप्ताह, बीएसई सेंसेक्स 307.09 अंक यानी 0.37 प्रतिशत गिरकर 81,381.36 पर बंद हुआ। दूसरी ओर एनएसई निफ्टी 50.35 अंक यानी 0.20 प्रतिशत गिरकर 24,964.25 पर बंद हुआ।

### हुंडई का आईपीओ खुलेगा मंगलवार को

हुंडई मोटर इंडिया का आईपीओ मंगलवार को खुलेगा और बृहस्पतिवार को बंद होगा। इस आईपीओ से 27,870 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) प्रोत्साहन उपायों और कम मूल्यांकन के कारण चीन के बाजारों का रुख कर रहे हैं।

## सुदर्शन केमिकल ह्यूबैंक ग्रुप के कारोबार का करेगा अधिग्रहण




**नई दिल्ली।** सुदर्शन केमिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड 12.75 करोड़ यूरो (लगभग 1,180 करोड़ रुपये) में जर्मनी के ह्यूबैंक ग्रुप के वैश्विक पिगमेंट कारोबार का अधिग्रहण करेगी। सुदर्शन केमिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एससीआईएल) ने एक नियामकीय सूचना में कहा कि कंपनी ने 11 अक्टूबर, 2024 को इस बारे में एक पक्का समझौता किया है। इसके तहत नीदरलैंड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी सुदर्शन यूरोप बी वी, जर्मनी के ह्यूबैंक ग्रुप के वैश्विक पिगमेंट कारोबार का अधिग्रहण करेगी। इसमें कहा गया है कि यह अधिग्रहण 12.75 करोड़ यूरो (लगभग 1,180 करोड़ रुपये) के नकद भुगतान पर किया गया है। इसमें ह्यूबैंक होल्डिंग्स एस.ए.आर.एल. की 100 प्रतिशत शेयरधारिता का अधिग्रहण भी शामिल है, जो लक्जमबर्ग स्थित ह्यूबैंक ग्रुप कंपनी है, जिसका भारत और अमेरिका स्थित कंपनियों में शेयरधारिता में निवेश है।

# इंडियन ओवरसीज बैंक ने शहरों में खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद्र खोले

- कर्ज मंजूरी प्रक्रिया को बेहतर बनाने समय को कम करने पर विचार

एजेंसी ▶▶| चेन्नई




सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक ने कर्ज मंजूरी प्रक्रिया को बेहतर बनाने और इसमें लगने वाले समय को कम करने के मकसद से विभिन्न शहरों में खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद्र शुरू किया है।

बैंक ने एक बयान में कहा कि कुल आठ खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद्र (आरएलपीसी) खोले गये हैं। इसमें से चेन्नई में एक केंद्र का भौतिक रूप से उद्घाटन किया गया, जबकि सात अन्य आरएलपीसी विभिन्न शहरों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुरू किए गए। इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा, "हमारे नए खुदरा कर्ज प्रसंस्करण केंद्र सिर्फ सुविधा के बारे में नहीं हैं। यह एक स्मार्ट, ज्यादा लचीला बैंकिंग ढांचा बनाने के बारे में है।

*एमजीआर सेंट्रल स्टेशन पर एटीएम कियोस्क शुरू : बैंक ने शहर के लोकप्रिय स्थलों में से एक पुरात्ची थलाइवर डॉ. एमजीआर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर अपने एटीएम कियोस्क भी शुरू किया। श्रीवास्तव ने कहा, "यह एटीएम महज एक सेवा केंद्र नहीं है, यह परंपरा के साथ नवाचार के सम्मिश्रण के प्रति आईओबी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है...।"*

## बैंक ने इंश्योरेंस, बिजली-पानी के बिल, फ्यूल सरचार्ज पर कम किए लाभ

# आईसीआईसीआई बैंक ने दूसरी बार बदल दिए क्रेडिट कार्ड के नियम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले कुछ समय में क्रेडिट कार्ड को लेकर न सिर्फ लोगों का रुख बदला है बल्कि बैंक भी इनके जरिए मिलने वाले लाभ छीनते जा रहे हैं। कुछ ऐसा ही निर्णय लिया है आईसीआईसीआई बैंक ने। बैंक ने न सिर्फ इंश्योरेंस, बिजली-पानी के बिल, फ्यूल सरचार्ज और ग्रॉसरी खरीद पर मिलने वाले लाभ कम किए हैं बल्कि एयरपोर्ट लाउंज का इस्तेमाल करने के लिए खर्च की सीमा भी दोगुनी कर दी है। नए नियम 15 नवंबर से लागू होने वाले हैं। आईसीआईसीआई बैंक ने इससे पहले भी क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। अभी तक एयरपोर्ट लाउंज का इस्तेमाल करने के लिए आपको एक तिमाही में 35 हजार रुपए खर्च करने पड़ते थे। अब यह सीमा बढ़ाकर 75 हजार रुपए कर दी गई है। एक तिमाही में यह बहुत बड़ी रकम है।

- एयरपोर्ट लाउंज का इस्तेमाल करने के लिए खर्च की सीमा की दोगुना




### यूटिलिटी और इंश्योरेंस पेमेंट करने पर मिलने वाले रिवॉर्ड हुए कम

इसके अलावा यूटिलिटी और इंश्योरेंस पेमेंट करने पर भी कम रिवॉर्ड मिला करेंगे। प्रीमियम कार्डहोल्डर हर महीने 80 हजार रुपए तक यूटिलिटी और इंश्योरेंस पेमेंट पर खर्च करके रिवॉर्ड कमा सकेंगे। मगर, अन्य कार्डधारकों के लिए यह सीमा सिर्फ 40 हजार रुपए रहेगी। अगर यूटिलिटी पेमेंट महीने में 50 हजार रुपए से ज्यादा के हुए तो भी एक फीसदी ट्रांजेक्शन फीस देनी पड़ेगी। साथ ही ग्रॉसरी और डिपार्टमेंटल स्टोर के जरिए मिलने वाले रिवॉर्ड प्वॉइंट पर भी कैपिंग लगाई गई है। यहां प्रीमियम कार्डहोल्डर हर महीने 40 हजार रुपए और अन्य सभी कार्डहोल्डर 20 हजार रुपए तक के खर्च पर ही रिवॉर्ड हासिल कर पाएंगे।

### फीस भरने पर एक फीसदी ट्रांजेक्शन शुल्क

यह नियम आईसीआईसीआई बैंक से जुड़े लगभग सभी क्रेडिट कार्ड पर लागू होगा। इनमें कई को-ब्रांडेड कार्ड भी शामिल हैं। क्रेड, पेटीएम, चेक और मोबीक्विक जैसे थर्ड पार्टी पेमेंट एप के जरिए स्कूल-कॉलेज की फीस भरने पर एक फीसदी ट्रांजेक्शन शुल्क लिया जाएगा। हालांकि, अगर आप स्कूल-कॉलेज की वेबसाइट या पीओएस मशीन के जरिए पेमेंट करते हैं तो फीस नहीं लगेगी।

### फ्यूल सरचार्ज पर छूट की भी नई सीमा कर दी तय

आईसीआईसीआई बैंक ने फ्यूल सरचार्ज पर छूट की भी नई सीमा तय की है। अब आप हर महीने पेट्रोल-डीजल पर 50 हजार रुपए ही खर्च कर पाएंगे। सिर्फ एमराल्ड मास्टरकार्ड मेटल क्रेडिट कार्ड पर छूट की सीमा 1 लाख रुपए तय की गई है। इसके अलावा एमराल्ड और एमराल्ड प्राइवेट मेटल कार्ड पर सालाना फीस अब 15 लाख रुपए के बजाय 10 लाख रुपए खर्च करने पर ही मिल जाएगी। ड्रीमफोक्स कार्ड पर मिलने वाला स्पा एक्सेस अब खत्म कर दिया गया है। हालांकि, अन्य कई कार्ड पर यह छूट जारी रहेगी।

# मेरी इच्छा- 'ज्यादा फिल्में बनाना ज्यादा बच्चे पैदा करना'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपनी भविष्य की प्लानिंग का खुलासा किया है। उनकी प्लानिंग में ज्यादा फिल्में बनाना, ज्यादा बच्चे पैदा करना और कई जगहों की यात्रा करना शामिल है। आलिया ने अपने



भविष्य के बारे में बात करते हुए कहा, उम्मीद है कि और भी ज्यादा फिल्में करूं, सिर्फ एक अभिनेत्री के रूप में नहीं बल्कि एक निर्माता के रूप में भी। प्लानिंग में ज्यादा बच्चे, अलग-अलग जगहों की यात्राएं, स्वस्थ, खुशहाल, सरल, शांत, और प्रकृति से भरी जिंदगी भी शामिल है। अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अप्रैल 2022 में बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर से शादी की थी। नवंबर 2022 में कपल ने बेटी राहा का स्वागत किया था। आईएमडीबी के आइकन्स ओनली सेगमेंट के दौरान आलिया ने यह भी बताया कि वह उनकी और उनके पति रणबीर की कौन सी फिल्में चाहेंगी कि उनकी बेटी बड़े होकर देखे। आलिया ने कहा, मुझे लगता है कि मेरे लिए, शायद 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' बेहतर रहेगी। ईमानदारी से कहूं तो यह सबसे कम उम्र की, सबसे शांत फिल्म है जिसे बच्चे देख सकते हैं। यह मेरी पहली फिल्म है। हालांकि, मुझे उस फिल्म में अपने परफॉर्मेंस पर बहुत गर्व नहीं है, लेकिन यह गानों से भरपूर है और मुझे लगता है कि बेटी को वास्तव में यह बहुत पसंद आएगी। रणबीर के लिए आलिया ने फिल्म 'बर्फी' चुनी। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह बच्चों के लिए बहुत ही अनुकूल फिल्म है।'

## 'दिल्ली 6' में रामलीला और रावण दोनों की झलक देखने को मिली

# शाहरुख से सलमान तक, इन सितारों की फिल्मों में दिखीं दशहरा की खूबसूरत झलकियां

*मुंबई। भारत में फिलहाल त्योहारों का मौसम जारी है। नवरात्रि के 10वें दिन विजयादशमी दशहरा का पर्व मना गया है। इसी दिन भगवान श्रीराम ने रावण का अंत किया था। ऐसा मान्यता है कि लोग दशमी के रोज रावण को जलाकर बुराई का अंत करते हैं। बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं, जिनमें दशहरा के पर्व को खूबसूरती से दिखाया गया है। आइए जानें किन सितारों की किन फिल्मों में दिख चुकी दशहरा की झलक।*

**'रा.वन'**: शुरुआत करते हैं शाहरुख खान की फिल्म 'रा.वन' से। फिल्म में आधुनिक तकनीक के जरिए रामायण की कहानी को दिखाने की कोशिश की गई थी।



इसने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये कमाए थे। अर्जुन रामपाल फिल्म में 'रा. वन' के किरदार में दिखे थे, जो एक वीडियो गेम से असल दुनिया में आ जाता है। आप इस फिल्म को जियो सिनेमा पर देख सकते हैं और अपने दशहरा की छुट्टी को नई तरह की रामायण देखकर बिता सकते हैं।

**'कहानी'**: विद्या बालन की फिल्म 'कहानी' में दशहरे को काफी खास जगह दी गई है। इस फिल्म की कहानी महिला शक्ति को दर्शाती है। फिल्म



में एक सीन है, जब विद्या दशहरा मनाने वाली महिलाओं की भीड़ के बीच में घुसकर अपने पति की मौत का बदला लेती है और उसके कातिलों को मारती है। 8 करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने केवल भारत में 51 करोड़ रुपये कमाए थे। अमेजन प्राइम वीडियो पर यह फिल्म देखी जा सकती है।

**'दिल्ली 6'**: राकेश ओमप्रकाश के निर्देशन में बनी फिल्म 'दिल्ली 6' में रामलीला और रावण दोनों की झलक देखने को मिली। इसमें यह दिखाया गया



कि कैसे बुराई पर अच्छाई की जीत होती है। फिल्म में अभिषेक बच्चन और सोनम कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बता दें कि अदिति राव हैदरी की यह पहली हिंदी फिल्म थी। फिल्म ने कई पुरस्कार अपने नाम किए, वहीं दुनियाभर के फिल्म महोत्सवों में इसे सराहा गया। नेटफ्लिक्स पर यह फिल्म मौजूद है।

**'बजरंगी भाईजान' और 'स्वदेश'**: सलमान खान की 'बजरंगी भाईजान' में दशहरा का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया है। इसके एक गाने 'तू चाहिए' में रामलीला का सीन भी आता है। 75 करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म



ने 900 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म डिज्नी+हॉटस्टार पर है। उधर नेटफ्लिक्स और यूट्यूब पर मौजूद शाहरुख खान की फिल्म 'स्वदेश' में दशहरा का एक बहुत ही खूबसूरत सीन है। फिल्म में भगवान राम की रावण पर जीत को रामलीला दृश्य के जरिए दर्शाया था।



# कई रिजेक्शन के बाद मुकाम तक पहुंचा

**नई दिल्ली।** साल 2013 में बनी फिल्म 'यारियां' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली रकुल प्रीत सिंह को भला कौन नहीं जानता, ये एक्ट्रेस अपने फैंस के दिलों पर राज करती है। अपनी कमाल की अदाकारी, एक्टिंग और खूबसूरती की वजह से रकुल काफी फेमस हैं। कुछ महीने पहले ही उन्होंने निर्माता और एक्टर जैकी भगनानी से शादी की है। वो करीब 10 साल से हिंदी और साउथ सिनेमा में एक्टिव हैं और 10 अक्टूबर को अपना 34वां जन्मदिन मनाया। रकुल का जन्म 10 अक्टूबर 1990 को पंजाबी फैमिली में दिल्ली में हुआ। उनके पिता आर्मी ऑफिसर थे। रकुल की स्कूलिंग आर्मी पब्लिक स्कूल, धौला कुआं हुई। ऑडिशन के लिए लंबी-लंबी लाइनों में लगने, कई रिजेक्शन झेलने के बाद वो इस मुकाम तक पहुंची हैं।



# 'फैबुलस लाइव्स...' में आएंगे नजर...

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर और उनकी मां, दिग्गज अभिनेत्री नीतू कपूर, जल्द ही अपनी बहन रिद्धिमा कपूर को सपोर्ट करते नजर आएंगे। रिद्धिमा नेटफ्लिक्स के शो फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स में पहली बार अपने जीवन को सार्वजनिक करने जा रही हैं। बुधवार को नेटफ्लिक्स ने इस शो का ट्रेलर रिलीज किया, जिसमें दिखाया गया कि इस बार मुकाबला होगा ओरिजिनल बॉलीवुड वाइव्स और तीन नए चेहरों के बीच- शालिनी पासी, कल्याणी साहा और रिद्धिमा। 'फैबुलस लाइव्स बनाम बॉलीवुड वाइव्स', आ रहा है 18 अक्टूबर को, सिर्फ नेटफ्लिक्स पर! ट्रेलर में रणबीर कपूर कुछ समय के लिए दिखाई देते हैं और मजाक में अपनी बहन रिद्धिमा को कहते हैं, ये इसे पूरी तरह से गड़बड़ कर देगी।

# 14 साल बाद भोजपुरी सिनेमा में करेंगी कमबैक

*मुंबई। जानीमानी चरित्र अभिनेत्री उपासना सिंह, 14 साल के बाद भोजपुरी सिनेमा में कमबैक करने जा रही हैं। यशी फिल्म्स के बैनर तले बन रही और भोजपुरी सिनेमा प्रस्तुत फिल्म सास सरकार बहू चौकीदार के जरिए उपासना सिंह 14 साल बाद भोजपुरी सिनेमा में वापसी कर रही हैं। इस फिल्म में उपासना सिंह एक सशक्त सास का किरदार निभा रही हैं, जबकि यामिनी सिंह इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री हैं और जय यादव मुख्य अभिनेता हैं। इस फिल्म की कहानी सास-बहू के रिश्ते की खट्टी-मीठी यादों पर आधारित है, जिसे निर्देशक प्रवीण कुमार गुड्डरी और लेखक अरविंद*



*तिवारी ने बेहद दिलचस्प तरीके से गढ़ा है। इस फिल्म में उपासना सिंह के साथ यामिनी सिंह, जय यादव, विनोद मिश्रा, सुजान सिंह, देव सिंह और मनोज टाइगर जैसे मशहूर कलाकार भी अपनी अदाकारी का जादू बिखेरेंगे। उपासना सिंह ने बताया कि जैसे ही फिल्म सास सरकार बहू चौकीदार की कहानी सुनी, उन्हें तुरंत इसका हिस्सा बनने की इच्छा हुई। उन्हें विश्वास है कि यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा में एक नई मिसाल कायम करेगी। फिल्म की शूटिंग उत्तर प्रदेश के जौनपुर में वास्तविक स्थानों पर हो रही है, जिससे इसकी प्रामाणिकता और बढ़ गई है।*

**बेटी बुकु ने लगाया यौन शोषण का आरोपः लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के मशहूर सिंगर और सॉन्गराइटर आर केली की बेटी बुकु अबी ने उनके खिलाफ हैरान करने वाला खुलासा किया है। उन्होंने 'कर्माः ए डॉटर्स जर्नी' नाम की डॉक्यूमेंट्री सीरीज में बताया है कि किस तरह उनके सिंगर पिता ने बचपन में उनका यौन शोषण किया था। डॉक्यूमेंट्री सीरीज में बुकु अबी ने बताया कि वह इतनी डर गई थीं कि अपनी मां को कुछ भी बताने की हिम्मत नहीं जुटा पाती थीं। बुकु ने कहा, 'लंबे समय, मैं इस पर विश्वास करना ही नहीं चाहती थी कि मेरे साथ क्या हुआ। मैं यह सोच भी नहीं सकती थी कि अगर वह बुरे इंसान थे भी, तो भी वह मेरे साथ ऐसा कुछ कर सकते थे।

## टीवी मसाला

# कौन हैं बिग बॉस-18 की 'वायरल भाभी'? कभी लगाया था सल्लू की टीम पर गंभीर आरोप

**मुंबई।** बिग बॉस सीजन 18 में वायरल भाभी यानी हेमा शर्मा की एंट्री भी हो गई है लेकिन, क्या आप जानती हैं कि हेमा शर्मा ने कभी सलमान खान की टीम पर



गंभीर आरोप लगाए थे? आइए, यहां जानते हैं कि पूरा माजरा क्या था। बिग बॉस 18 में 18 कंटेस्टेंट्स के साथ एक गधे की एंट्री भी हुई है लेकिन, आज हम जिस कंटेस्टेंट के बारे में बात करने जा रहे हैं उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल भाभी के नाम से जाना जाता है। आपके मन में यह सवाल उठना लाजमी है कि आखिर वायरल भाभी कौन हैं। तो आइए, हम आपको बता देते हैं कि वायरल भाभी और कोई नहीं बल्कि हेमा शर्मा हैं। हेमा शर्मा सोशल मीडिया पर अपने स्टाइल और डांस के लिए खूब पॉपुलर हैं।

### कौन हैं 'वायरल भाभी' हेमा शर्मा?

हेमा शर्मा सिर्फ सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर नहीं, बल्कि एक एक्ट्रेस और सोशल एक्टिविस्ट भी हैं। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद की रहने वाली हेमा शर्मा ने साल 2018 में धर्मेंद्र स्टारर यमला पगला दीवाना फिर से बॉलीवुड में कदम रखा था। 'यमला पगला दीवाना' के बाद हेमा ने सलमान खान की फिल्म दबंग 3 में एक रिपोर्टर का किरदार निभाया था। हेमा ने फिल्मों के अलावा कई टीवी शोज में भी काम किया है। इसमें कहां हम कहां तुम, सम्राट अशोक और वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश भी शामिल हैं।

### सलमान की टीम पर लगा चुकी हैं गंभीर आरोप

हेमा शर्मा अपनी एक्टिंग और डांस रील्स से ज्यादा चर्चा में तब आई थीं, जब उन्होंने सलमान खान की टीम पर गंभीर आरोप लगाया था। हेमा शर्मा ने साल 2023 में एक इंटरव्यू दिया था, जहां एक्ट्रेस ने बताया था कि उन्हें सलमान खान की फिल्म दबंग 3 के सेट पर अपमानित किया गया था। बिग-बॉस-18 के ये कंटेस्टेंट टेलीविजन की दुनिया में बना चुके हैं नाम, एक तो टीवी के मशहूर शो 'अनुपमा' की रह चुकी हैं हिस्सा हेमा शर्मा का कहना था कि वह सलमान खान की बहुत बड़ी फैन थीं।

### रातों-रात मिली हेमा शर्मा को पॉपुलैरिटी

बिग बॉस 18 के ग्रैंड प्रीमियर पर सलमान खान ने हेमा शर्मा से उनके वायरल भाभी बनने को लेकर सवाल किया था। हेमा ने इस सवाल के जवाब में बताया था कि उन्होंने जिंदगी बर्बाद हो गया गाने पर डांस किया था और इस गाने की रील सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गई थी। तभी से लोग उन्हें वायरल भाभी के नाम से बुलाते हैं। बता दें, हेमा शर्मा की सोशल मीडिया पर खूब तगड़ी फैन फॉलोइंग है और उनके इंस्टाग्राम पर 2 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

### बिग बॉस में दम दिखा रही हैं वायरल भाभी

वायरल भाभी यानी हेमा शर्मा ने बिग बॉस के घर में एंट्री लेते ही अपना दम दिखाना शुरू कर दिया हैं। लेटेस्ट एपिसोड में हेमा शर्मा को बिग बॉस ने राशन बांटने की पावर दी थी, जिसके बाद वायरल भाभी के तेवर खूब बदलते दिखाई दिए।

# फवाद-वाणी की 'अबीर गुलाल' की शूटिंग लंदन में शुरू...

**मुंबई।** पाकिस्तानी स्टार फवाद खान और भारतीय अभिनेत्री वाणी कपूर फिलहाल लंदन में अपनी अपकमिंग रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'अबीर गुलाल' की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग लंदन के सुरम्य में शुरू हुई है। इसकी घोषणा प्रोडक्शन हाउस इंडियन स्टोरीज़ द्वारा की गई। फिल्म की निर्देशक आरती एस बागड़ी ने कहा कि यह फिल्म प्यार के बारे में है। बागड़ी ने कहा फिल्म दो



व्यक्तियों की यात्रा पर आधारित है जिसमें अनजाने में दोनों एक-दूसरे की मदद करते हैं। इस दौरान दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो जाता है। विवेक बी अग्रवाल, अवंतिका हरि और राकेश सिप्पी द्वारा निर्मित यह प्रोजेक्ट भरपूर मनोरंजन का वादा करती है। निर्माताओं ने कहा उम्मीद है कि फवाद और वाणी के बीच की केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आएगी।

# रतन टाटा के निधन की खबर सुनते ही दिलजीत ने बीच में रोका कॉन्सर्ट

**मुंबई।** पंजाब के सुप्रसिद्ध गायक दिलजीत दोसांझ ने प्रसिद्ध उद्योगपति एवं टाटा संस के मानद अध्यक्ष पद्म विभूषण रतन एन टाटा के निधन पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने के लिए अपना जर्मनी संगीत कार्यक्रम को बीच में रोक दिया। रतन टाटा का बुधवार की रात मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। अपने कॉन्सर्ट के दौरान उद्योगपति रतन टाटा के बारे में बात करते हुए दिलजीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दिलजीत ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने फैन पेज, टीम दिलजीत की पोस्ट को दोबारा साझा किया और लिखा कि श्रद्धांजलि रतन टाटा। वायरल वीडियो में दिलजीत ने पंजाबी में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि



आप सभी रतन टाटा को जानते हैं। उनका निधन हो गया और यह उन्हें मेरी छोटी सी श्रद्धांजलि है। मुझे आज उनका नाम लेना जरूरी लगा, क्योंकि उन्होंने जीवन भर कड़ी मेहनत की। मैंने उनके बारे में जो भी सुना और पढ़ा है। मैंने उन्हें कभी किसी के बारे में कुछ गलत बोलते नहीं देखा। उन्होंने अपने जीवन में हमेशा कड़ी मेहनत की है, अच्छे काम किए हैं और लोगों की मदद की है। यही जीवन है, किसी को ऐसा ही होना चाहिए। यदि कोई एक चीज है जो हम उनके जीवन से सीख सकते हैं, तो वह यह है कि हम कड़ी मेहनत करनी चाहिए, सकारात्मक सोचना चाहिए, मददगार बनना चाहिए और जीवन को पूरी तरह से जीना चाहिए।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- घर का समस्त कार्य करने के लिए मेहनती एक लड़की/महिला कामवाली की,24 घंटे साथ में रहने खाने की सुविधा मुफ्त जल्दी संपर्क करें - रायपुर mobile - 7024379094 ,9171877210. (RO-298)

**ड्रायवर/ घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- रायपुर, शंकर नगर vip वी आई पी कॉलोनी में एक ड्राइवर एवं घरेलू काम के लिए पति पत्नी (फैमिली) की आवश्कता है, रहने के लिए कमरा उपलब्ध है, संपर्क करें 94252 05358. (RO-20)

**कुक**

आवश्यकता है- कुक चाहिए हॉस्टल नया रायपुर में 60 लोगों का खाना बनाने हेतु अनुभवी कुक चाहिए मोबाइल -9826136230.(RO-5968)

**सेल्समेन/पैकिंग कार्य**

आवश्यकता है- थोक दवाई दुकान में पैकिंग कार्य, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं सेल्समैन के लिए लड़के लड़कियों की आवश्यकता है ओम फार्मा ओल्ड मेडिकल काम्पलेक्स दुकान नंबर 38 जी.ई. रोड रायपुर छत्तीसगढ मों.- 9826176668. फोन नंबर 0771-2228312.(RO-5969)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

हरिभूमि

Healthcare

हेपाटाईटिस, एच.आई.वी. हर्पिस रोग एवं यौन समस्या

स्त्री-पुरुष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) में दाने छाले, फून्सी, लाल होना, फटना, जलन व दर्द योनि में खुजली एवं सफेद लाल व बदबूदार पानी, बुखार जैसा लगते रहना, मुँह में छाले, कमजोरी, शरीर में पानी भरे फफोले दर्द एवं जलन, गुप्तांग से पीप (पस) जाना, मैल जमना शरीर में खुजली होते हो तो तुरंत खून की जाँच कराये इसमे कई लोगों को हेपाटाईटिस, हर्पिस व कुछ लोगों को एच.आई.वी. पॉजिटिव होते हुए भी पाया गया है। आप चिंता मुक्त हो सकते है यदि खून का रिपोर्ट निगेटिव हो तो यदि पॉजिटिव हुआ तो आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं। यौन समस्याः इन्द्रिय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुन जन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, यूरेथ्रा स्ट्रेक्चर अर्थात् (पेशाब मे रुकावट, बूंद बूंद या नही उतरना) जलन ऐसे होते हो तो ।

बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
9425555659, 9617789223
डॉ. वी. के. अग्रवाल
(बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल
फार्मा साईटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,। 9303948500,,9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरूवार अवकाश)

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- स्टाफ नर्स, ट्रेनी नर्स एवं वार्ड बॉय की आवश्यकता है रहने की सुविधा, संपर्कः- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009. (RO-3043)

**सफाई कर्मी**

आवश्यकता है- ऑफिस में साफ -सफाई एवं चाय /पानी पिलाने हेतु 10 पद लड़के की आवश्यकता है। वेतन चार अंको में संपर्क शॉप नंबर 12 रेलवे क्रॉसिंग के पास आकाशगंगा सुपेला mo.- 9827806026.(आरो-6388)

**सेल्समेन/ सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178. (RO-3044)

**पैकिंग कार्य**

आवश्यकता है- बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है। रूम बिजली की सुविधा फ्री। पता - बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर 7828735534 (RO-35654)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

हरिभूमि क्लासीफाईड

**Education शिक्षण**

मेडिकल प्रवेश- 10वीं, 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए 2वर्षीय मेडिकल कोर्स शासन से मान्यता प्राप्त DIPLOMA IN CMS & ED- 2 वर्षीय, C.C.H. CERTIFICATE IN COMMUNITY HEALTH एलोपैथीक। चिकित्सा प्रमाण पत्र में प्रवेश प्रारंभ सीट- 25 (प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र खोलने के लिए मान्य ) संपर्क करें:- संजीवनी कॉलेज ओमपरिसर, आर्यनगर दुर्ग ( छ.ग.) 0788-4060006, 9893579048.(आरो न.- 6387)

**Business व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-2998)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - लोन! लोन! लोन! DHANI FINANCE (Govt. Regd) सर्व योजना अंतर्गत, आधारकार्ड, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस, सभी प्रकार के लोन आसान किस्तों पर, 2% ब्याज, 40% छूट, (महिलाओं के लिए विशेष छूट) संपर्क:- 9201996879. (RO-3045)

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 9350674841, 9350674841.(RO-3035)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# रोनाल्डो ने दागा रिकार्ड 133वां गोल, पुर्तगाल ने पोलैंड को 3-1 से रौंदा

एजेंसी ⏭ बार्सिलोना

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपना रिकार्ड 133वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागकर पुर्तगाल को नेशंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में पोलैंड पर 3-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। रोनाल्डो ने 37वें मिनट में राफेल लेओ के शॉट के पोस्ट से टकराने के बाद रिबाउंड पर गोल किया। इससे पहले बर्नार्डो सिल्वा ने 26वें मिनट में पुर्तगाल की तरफ से पहला गोल किया था।

पोलैंड की तरफ से एकमात्र गोल मिडफील्डर पियोत्र ज़िलिंस्की ने 78वें मिनट में किया लेकिन डिफेंडर जान बेडनारेक ने खेल समाप्त होने से दो मिनट पहले आत्मघाती गोल करके पुर्तगाल की बड़ी जीत सुनिश्चित की।




### तीनों मैचों में गोल

रोनाल्डो इस साल के शुरू में यूरोपीय चैंपियनशिप में पुर्तगाल की तरफ से पांच मैचों में एक भी गोल नहीं कर पाए थे लेकिन नेशंस लीग में उन्होंने अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में वह गोल करने में सफल रहे। इनमें क्रोएशिया के खिलाफ किया गया गोल भी शामिल है जो उनके करियर का 900वां गोल था।

### शीर्ष पर पुर्तगाल

पुर्तगाल ग्रुप ए1 में तीन मैचों में नौ अंकों के साथ शीर्ष पर है। क्रोएशिया के छह अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है। उसने ज़गरेब में खेले गए मैच में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया।



### 1-0 से जीता स्पेन

स्पेन ने नेशंस लीग के एक अन्य मैच में मार्टिन ज़ुबिमेन्डी के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से डेनमार्क को 1-0 से हराया। इस जीत से मौजूदा चैंपियन स्पेन के ग्रुप ए4 में तीन मैचों के बाद सात अंक हो गए हैं। डेनमार्क छह अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। सर्बिया के चार अंक हैं। उसने एक अन्य मैच में स्विट्जरलैंड को 2-0 से पराजित किया
लीग सी में कोसोवो ने लिथुआनिया को 2-1 से, जबकि रोमानिया ने साइप्रस को 3-0 से हराया।

## खबर संक्षेप



### जयवर्धने फिर बने मुंबई के मुख्य कोच

**मुंबई।** पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ने मेगा नीलामी से पहले बड़ा बदलाव करते हुए श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। जयवर्धने 2017-2022 तक मुंबई इंडियंस के साथ इसी भूमिका में जुड़े हुए थे। फ्रेंचाइजी ने 2017, 2019 और 2020-21 में इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीता था। जयवर्धने इस तरह दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर की जगह लेंगे जो दो साल तक मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच थे।

### हम एक और गोल कर सकते थे : चौधरी

**नाम दिन्ह।** लगभग तीन साल के बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले मिडफील्डर फारुख चौधरी का मानना है कि वियतनाम के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैत्री मैच में एक और गोल करके उनकी टीम जीत हासिल कर सकती थी। भारत और वियतनाम के बीच



शनिवार को खेला गया यह मैच 1-1 से ड्रॉ रहा था। भारत के मुख्य कोच मनोलो मार्केज़ ने जब फारूख का टीम में चयन किया तो उनके इस फैसले पर सवाल उठने लगे थे। इस मिडफील्डर ने हालांकि दूसरे हाफ में भारत की तरफ से बराबरी का गोल करके अपने कोच के फैसले को सही साबित किया।

### भारत को मिली निशानेबाजी विश्व कप की मेजबानी



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ ने रविवार को भारत को अगले साल होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप की मेजबानी का अधिकार दिया। महासंघ के अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने कहा कि अगर भारत निकट भविष्य में और अधिक बड़े टूर्नामेंटों की मेजबानी करने का इच्छुक है तो खेल की वैश्विक संचालन संस्था उसका समर्थन करेगी। रॉसी आईएसएसएफ के सत्रांत विश्व कप फाइनल के लिए यहां आए हुए हैं।

## महिला टी20 विश्व कप : ग्रुप ए मैच में 9 रन से गंवाया मैच

# भारतीय महिला टीम को मिली हार सेमीफाइनल में पहुंचा ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी ⏭ शारजाह

गत चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को यहां आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में भारत को नौ रन से हराकर नॉकआउट में प्रवेश किया। हार के साथ टीम इंडिया के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं। टीम 4 में से 2 ही मैच जीत सकी। अब अगर पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को बड़े अंतर से हरा दिया, तभी टीम इंडिया सेमीफाइनल खेल पाएगी। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 151 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम हरमनप्रीत के अर्धशतक और दीप्ति शर्मा के 29 रन के बावजूद 20 ओवर में नौ विकेट पर 142 रन ही बना सकी।

भारत को नॉकआउट में पहुंचने के लिए सोमवार को न्यूजीलैंड के नतीजे का इंतजार करना होगा और उम्मीद करनी होगी कि वह हार जाए। भारत के दो जीत और दो हार से ग्रुप ए में चार अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया ने चारों मैच जीतकर आठ अंक से शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं न्यूजीलैंड के चार अंक हैं और उसे अंतिम चार में पहुंचने के लिए सोमवार को पाकिस्तान पर जीत दर्ज करनी होगी। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 47 गेंद पर 54 रन बनाए। बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सकीं।



### इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को 10 विकेट से रौंदा, अंतिम-4 की संभावना मजबूत

**शारजाह।** इंग्लैंड की महिला टीम ने रविवार को यहां महिला टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड को 10 विकेट से रौंद दिया और अपने ग्रुप में शीर्ष पर पहुंचकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की संभावनाओं को मजबूत किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 109 रन ही बना सकी। इसके जवाब में इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज माइया बाउचियर और डैनी वाट हॉज ने शानदार प्रदर्शन किया। दोनों ने महज 10 ओवर में लक्ष्य हासिल कर कर टीम का नेट रन रेट भी बढ़ा दिया। बाउचियर ने पारी की शुरुआत में कई बाउंड्री लगाई और शुरुआत में ही उन्हें जीवनदान भी मिला। वह 34 गेंद पर 62 रन बनाकर नाबाद रहीं जबकि वाट हॉज 26 गेंद में 51 रन बनाकर नाबाद रहीं।



## भारत ने एशियाई चैंपियनशिप में जीते तीन कांस्य पदक



एजेंसी ⏭ अस्ताना

भारत ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में रविवार को यहां अपना अभियान तीन पदकों के साथ समाप्त किया, जिसमें महिला युगल में ऐतिहासिक कांस्य पदक भी शामिल है।

पिछले साल एशियाई खेलों में चीन की मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी को हराकर कांस्य पदक जीतने वाली अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी की विश्व में 15वें नंबर की भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में जापान की मिवा हरिमोतो और मियु किहारा से 30 मिनट से भी कम समय में 4-11, 9-11, 8-11 से हार गई। भारतीय महिला टीम ने इससे पहले टीम स्पर्धा में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता था। मनिका बत्रा, अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी की भारतीय टीम सेमीफाइनल में जापान से 1-3 से हार गई थी लेकिन अंतिम चार में पहुंचकर उसने अपने लिए कांस्य पदक पक्का कर लिया था।

पुरुष वर्ग में अचंता शरथ कमल, मानव ठक्कर और हरमीत देसाई की भारतीय टीम सेमीफाइनल में चीनी ताइपे से 0-3 से हार गई लेकिन अंतिम चार में पहुंचने से वह लगातार तीसरी बार पदक हासिल करने में सफल रही।

टेनिस

# सिनर बने शंघाई मास्टर्स चैंपियन, जोकोविच हारे



एजेंसी ⏭ शंघाई

शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक सिनर ने रविवार को यहां 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को सीधे सेटों में हराकर शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। इटली के इस खिलाड़ी ने आठ ऐस और 22 विनर लगाकर जोकोविच को 7-6 (4), 6-3 से शिकस्त दी।

जोकोविच ने चार ऐस और 12 विनर लगाए जबकि सिनर ने एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया। जोकोविच यहां टूर स्तर के अपने 100वें खिताब की कोशिश में जुटे थे। जिमी कोनोर्स और रोजर फेडरर ही पुरुष टेनिस में शतक के खिताबी आंकड़े को पार कर पाये हैं। कोनोर्स ने 109 जबकि फेडरर ने 103 टूर स्तर के खिताब जीते हैं।

### सबालेंका की वुहान में खिताबी हैट्रिक

दूसरी रैंकिंग की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने सातवीं रैंकिंग पर काबिज झेंग किनवेन को फाइनल में 6-3, 7-5, 6-3 से हराकर लगातार तीसरे साल वुहान ओपन खिताब जीत लिया। यह सबालेंका इस सत्र में चौथा खिताब है जिसमें उन्होंने आस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन ग्रैंडस्लैम भी जीते हैं। बेलारूस की इस खिलाड़ी का टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 17-0 हो गया है।

### टेस्ट टीम में बाबर को जगह नहीं, शाहीन और नसीम हटे

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बचे दो टेस्ट मैच की टीम से बाहर कर दिया गया जबकि तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और नसीम शाह ने इन मुकाबलों से हटने का फैसला किया। यह पहली बार है जब बाबर को उनके 54 टेस्ट मैच के करियर में टीम से 'आराम' दिया गया है।



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा, 'प्रमुख खिलाड़ियों की मौजूदा फॉर्म और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए और 2024-25 के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सत्र में पाकिस्तान के भविष्य के कार्यक्रम को देखते हुए चयनकर्ताओं ने बाबर आजम, नसीम शाह, सरफराज अहमद और शाहीन शाह अफरीदी को आराम देने का फैसला किया है। अबरार अहमद चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।' सूत्र ने यह भी बताया कि कप्तान शान मसूद, मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी और पीसीबी के दो मेंटर बाबर को टेस्ट टीम से बाहर करने के खिलाफ थे।




## एचआईएल नीलामी : सूरमा हॉकी क्लब ने लगाई बोली

# हरमनप्रीत सबसे महंगे 78 लाख में बिके

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हॉकी इंडिया लीग की नीलामी के पहले दिन रविवार को भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए जबकि सूरमा हॉकी क्लब ने इस स्टार ड्रैग फ्लिकर को 78 लाख रुपए में खरीदा। अभिषेक दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने जिन्हें श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 72 लाख रुपए में खरीदा जबकि हार्दिक सिंह के लिए यूपी रुद्रास ने 70 लाख रुपए खर्च किए।


अमित रोहिदास के लिए तमिलनाडु ड्रैगन्स ने सबसे अधिक 48 लाख रुपए की बोली लगाई जबकि जुगराज सिंह को भी बंगाल टाइगर्स ने इसी राशि में खरीदा। हैदराबाद तूफान्स ने सुमित को 46 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा।



| खिलाड़ी | क्लब | राशि |
|---|---|---|
| गुरजंत सिंह | सूरमा हॉकी | 19 लाख |
| मनदीप सिंह | टीम गोनासिका | 25 लाख |
| मनप्रीत सिंह | टीम गोनासिका | 42 लाख |
| सुखजीत सिंह | बंगाल टाइगर्स | 42 लाख |
| अमित रोहिदास | तमिलनाडु ड्रैगन्स | 48 लाख |

### खिलाड़ियों की सूची

| | | |
|---|---|---|
| नीलकांत शर्मा | हैदराबाद तूफान्स | 34 लाख |
| संजय | कलिंगा लांसर्स | 38 लाख |
| ललित कुमार | यूपी रुद्रास | 28 लाख |
| विवेक सागर | सूरमा हॉकी | 40 लाख |
| हार्दिक सिंह | यूपी रुद्रास | 70 लाख |
| हरमनप्रीत सिंह | सूरमा हॉकी | 78 लाख |
| सुमित | हैदराबाद तूफान्स | 46 लाख |
| अभिषेक | बंगाल टाइगर्स | 72 लाख |
| जुगराज सिंह | बंगाल टाइगर्स | 48 लाख |
| कृष्ण बी पाठक | कलिंगा लांसर्स | 32 लाख |
| शमशेर सिंह | दिल्ली पाइपर्स | 42 लाख |
| जरमनप्रीत सिंह | दिल्ली पाइपर्स | 40 लाख |
| राजकुमार पाल | दिल्ली पाइपर्स | 40 लाख |
| डेविड हार्टे | तमिलनाडु ड्रेगन्स | 32 लाख |
| जीन-पॉल | हैदराबाद तूफान्स | 27 लाख |
| ओलिवर पेन | टीम गोनासिका | 15 लाख |




# रोमानिया के रहस्यमय जीवित पत्थर, जो प्रजनन करके बढ़ाते हैं अपनी संख्या

आपने अपने आस-पास कई तरह के पत्थर देखे होंगे, जिनके आकर और रंग एक दूसरे से अलग होते हैं। हालांकि, क्या अपने कभी हिलने और चलने-फिरने वाले पत्थरों के बारे में सुना है? आज हम आपको ऐसे विचित्र और रहस्यमय पत्थरों के बारे में बताएंगे, जो असल में जीवित हैं। यूरोप स्थित रोमानिया के ये अनोखे पत्थरों की संख्या खुद-ब-खुद बढ़ती है और ये चलते भी हैं। इन जीवित पत्थरों ने दुनिया भर के वैज्ञानिकों को हैरान कर डाला है।

**इन जीवित पत्थरों का कहा जाता है ट्रोवंत्स :** रोमानिया के इन रहस्यमय पत्थरों को ट्रोवंत्स कहा जाता है, जो कि कॉस्टेटी नामक शहर में पाए जाते हैं। प्रकृति के इस अद्भुत अजूबे को देखने के लिए दुनिया भर से पर्यटक और वैज्ञानिक रोमानिया पहुंचते हैं। रोमानियाई भाषा में ट्रोवंत्स नाम का मतलब होता है 'बढ़ते पत्थर', जो इन पत्थरों का बिलकुल सटीक विवरण है।


### वैज्ञानिकों ने बताई इन पत्थरों के बढ़ने की असल वजह

वैज्ञानिकों ने इन जीवित पत्थरों के रहस्य की तेह तक जाने के लिए इनपर कई तरह के प्रयोग किए। खोज से सामने आया कि ये एक ऐसी प्रक्रिया से बढ़ते हैं, जिसमें रेन वॉटर से खनिजों का अवशोषण शामिल होता है। जब कैल्शियम कार्बोनेट और अन्य खनिजों वाला पानी पत्थर के संपर्क में आता है, तो यह सतह पर ठोस हो जाता है। समय के साथ इसकी परतें जमने लगती हैं, जो इन पत्थरों के आकार को बढ़ा देती हैं।



### प्रजनन करके अपनी संख्या बढ़ाते हैं ये पत्थर

ये पत्थर देखने में किसी सामान्य पत्थर जैसे ही लगते हैं, लेकिन समय के साथ इनका आकार बढ़ जाता है और यह अपनी जगह से हिलते भी रहते हैं। इसी कारण लोगों ने इन्हें जीवित पत्थर कहना शुरू कर दिया था। माना जाता है कि ये पत्थर प्रजनन करके अपनी संख्या भी बढ़ा लेते हैं। इन सभी जीवित



### क्या ये जीवित पत्थर वाकई में करते हैं प्रजनन?

हर 1000 साल में इन पत्थरों के आकार में 1.5-2 इंच की वृद्धि देखी जाती है। वैज्ञानिकों ने अनुसंधान के जरिए इन पत्थरों के प्रजनन करने के रहस्य को भी सुलझा दिया। भारी बारिश के बाद बड़े पत्थरों की सतह पर छोटे पत्थर बनते हैं, जिन्हें माइक्रोट्रोवंत्स कहा जाता है। ये छोटे पत्थर समय के साथ टूट जाते हैं और स्वतंत्र रूप से बढ़ते रहते हैं। इस प्रक्रिया के कारण ही लोग मानने लगे हैं कि ट्रोवंत्स प्रजनन करते हैं।

### 5.3 मिलियन वर्ष पहले शुरू हुआ था इन पत्थरों का निर्माण

वैज्ञानिकों का मानना है कि ट्रोवंत्स का निर्माण लगभग 5.3 मिलियन वर्ष पहले मध्य मियोसीन उप-युग के दौरान हुआ था। जिस क्षेत्र में ये पाए जाते हैं, वह कभी प्राचीन समुद्री वातावरण था। यह स्थान पत्थरों के अंदर की बाइवाल्व और गैस्ट्रोपॉड जीवाश्मों की उपस्थिति के सबूत पेश करता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि सहस्राब्दियों से आए भूकंपों और अन्य भूवैज्ञानिक प्रतिक्रियाओं के कारण ही इन पत्थरों को उनका वर्तमान रूप मिला है।

## सौतेले पिता ने 4 साल के मासूम को पटक पटक के उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा



एक कलयुगी सौतेले पिता ने शराब के नशे में धुत्त होकर अपने घर पहुंचा और अपनी पत्नी पर आरोप लगाने लगा कि वह अपने बच्चों पर ध्यान देती है और उसके ऊपर नहीं। बस इसी बात को लेकर पति-पत्नी का विवाद हो गया और जब पति अपनी पत्नी को मारपीट करने लगा तो पत्नी वहां से भाग खड़ी हुई लेकिन घर के भीतर उसका 4 साल का मासूम बच्चा था फिर क्या था वह आवेश में आकर अपने 4 साल के मासूम बच्चों को ही पटक पटक कर मौत की नींद सुला दिया। इस मामले में कलयुगी पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

- उरगा थाना क्षेत्र का मामला, दशहरा की देर रात घर में हुई वारदात

मामला उरगा थाना क्षेत्र का है। जहां उरगा में निवासरत मनजीत कुर्रे 26 वर्ष पिता गिरधारी लाल कुर्रे ने रामशिला कंवर नामक महिला से चार माह पूर्व प्रेम विवाह किया था। जहां दोनों अपने 4 साल मासूम बच्चे विहान कंवर पिता उमेश कंवर के साथ रहते थे। बताया जाता है कि मनजीत कुर्रे अपनी पत्नी रामशिला कंवर पर अक्सर आरोप लगाता था कि वह अपने सौतेले पुत्र विहान पर ही ध्यान देती है ना कि अपने पति मनजीत कंवर पर ध्यान देती है।

संग्रहालय

## सुलभ शौचालय से लेकर काला जादू की थीम तक, भारत में विचित्र संग्रहालय

उन चीजों को संजोकर रखते हैं, जिनके विषय में ज्यादा लोग बात नहीं करते

भारत विविध संस्कृतियों का देश है, जहां का इतिहास बेहद दिलचस्प है। पुरानी संस्कृति को दर्शाने के लिए भारत में कई ऐतिहासिक संग्रहालय बनाए गए हैं, जो जानकारीपूर्ण भी होते हैं। हालांकि, इन सभी रोचक संग्रहालयों के बीच कई ऐसे संग्रहालय भी मौजूद हैं, जो वास्तव में बेहद विचित्र हैं। ये संग्रहालय उन चीजों को संजोकर रखते हैं, जिनके विषय में ज्यादा लोग बात नहीं करते। आइए भारत के 4 अजीबो-गरीब संग्रहालयों के बारे में जानते हैं।

### सुलभ अंतरराष्ट्रीय शौचालय संग्रहालय

दिल्ली में एक अनोखा संग्रहालय मौजूद है, जो शौचालय का इतिहास दर्शाता है। इस संग्रहालय का नाम है सुलभ अंतरराष्ट्रीय शौचालय संग्रहालय, जो कि हमेशा खुला रहता है। इस संग्रहालय में राजा-महाराजाओं के शौचालय से लेकर आज के जमाने के आधुनिक शौचालयों को भी प्रदर्शित किया गया है। यहां पर रोमन सम्राटों के सोने से बने शौचालय भी मौजूद हैं। आप यहां आकर शौचालयों के इतिहास को जान सकते हैं और सुलभ संस्था के बायोडिग्रेडेबल शौचालय भी देख सकते हैं।



### काले जादू का संग्रहालय

भारत में कुछ लोग आज भी जादू-टोने और काले जादू में विश्वास रखते हैं। यहां ऐसे कई अनोखे गांव भी हैं, जहां लोग वास्तव में आज भी काला जादू करते हैं। असम के मोरीगांव जिले के मायोंग गांव में मायोंग सेंट्रल म्यूजियम मौजूद है, जो जादू-टोने और काले जादू के इतिहास को प्रदर्शित करता है। यहां आपको जादू-टोने की किताबें, तांत्रिक पांडुलिपियां, हस्तनिर्मित गुड़िया और खोपड़ियों जैसी तमाम विचित्र चीजें देखने को मिल जाएंगी।

### अंतरराष्ट्रीय गुड़िया संग्रहालय

दिल्ली में मौजूद अंतरराष्ट्रीय गुड़िया संग्रहालय भारत में गुड़िया का एक बड़ा संग्रह है। इसकी स्थापना राजनीतिक कार्टूनिस्ट के शंकर पिल्लई ने की थी। यह संग्रहालय चिल्ड्रेन बुक ट्रस्ट की इमारत में स्थित है, जहां आकर आप दुनियाभर की गुड़ियों को देख सकते हैं। इस संग्रहालय में 85 से अधिक देशों की 7,000 से अधिक गुड़िया प्रदर्शित हैं। इनमें भारतीय गुड़िया, बार्बी और यहां तक कि महात्मा गांधी और मदर टेरेसा जैसी प्रसिद्ध हस्तियों की गुड़िया भी शामिल हैं।

### मानव मस्तिष्क संग्रहालय

हमारा शरीर भी किसी मशीन की तरह है, जिसमें एक साथ कई कार्य होते रहते हैं। इन सभी कार्यों को सही तरह से चलाने का जिम्मेदार हमारा दिमाग होता है। दिमाग के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल करने के लिए आप बेंगलुरु के मानव मस्तिष्क संग्रहालय जा सकते हैं। यह राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान के बेसमेंट में स्थित है। संग्रहालय में 300 से अधिक मस्तिष्क के नमूने संरक्षित हैं, जिन्हें लोगों ने दान किया है।



## घुनघुट्टा नदी में नहाने के दौरान डूबने से मेडिकल स्टूडेंट की मौत

**अंबिकापुर (हरिभूमि न्यूज)।** रविवार को उदयपुर ढाब स्थित घुनघुट्टा नदी में नहाने के दौरान डूबने से मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट की मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज का छात्र छुट्टी लेकर निकला था और घर जाने के बजाय अपने दोस्तों के साथ घूमने चला गया। इस दौरान नहाते समय गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद छात्र के शव को बरामद किया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक छात्र के परिजन कवर्धा से सरगुजा पहुंचे जबकि मेडिकल कॉलेज प्रबंधन भी घटना स्थल पर पहुंचा था। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि कवर्धा शिक्षक कालोनी निवासी ईशु चंद्राकर आ. स्व. ओमप्रकाश चंद्राकर राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस सेकेंड ईयर का छात्र था और हॉस्टल में रखकर मेडिकल की पढ़ाई कर रहा था।



### छुट्टी लेकर निकला था हॉस्टल से

बताया जा रहा है कि ईशु चंद्राकर ने हॉस्टल से दो दिन की छुट्टी ली थी। मणिपुर थाना प्रभारी दुर्गेश्वरी चौबे ने बताया कि मृतक छात्र ईशु अपने दोस्तों सौरभ चंद्रवंशी, मुकेश कुमार सोनी, प्रांजल पैकरा, कामेश सलाम, शुभम प्रधान और मनीष साहू के साथ घूमने निकला था। इस दौरान सभी कुंवरपुर डेम स्थित रेस्ट हाउस में रुके थे। रविवार की सुबह वापस लौटते समय सभी उदयपुर ढाब स्थित घुनघुट्टा नदी में नहाने चले गए। इस दौरान गहरे पानी में जाने से छात्र डूब गया।




## डॉ. रमन के जन्मदिन पर 15 को भव्य कवि सम्मेलन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक डॉ रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर आगामी 15 अक्टूबर को एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। युवा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कवि सम्मेलन में देशभर से प्रख्यात कवि पहुंचेंगे। जिनमें डॉ कुमार विश्वास और डॉ सुरेंद्र दुबे जैसे नाम शामिल है। कार्यक्रम का मीडिया पार्टनर आईएनएच 24*7 है।

- कार्यक्रम का मीडिया पार्टनर आईएनएच 24*7 है

युवा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भावेश बैद ने बताया कि विगत वर्षों की तरह ही इस बार भी कवि सम्मेलन को भव्य रूप देने के लिए तैयारियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबरको रात आठ बजे से म्यूनिसिपल स्कूल मैदान में आयोजन किया जाएगा, जहां हजारों लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। इस कवि सम्मेलन में डॉ कुमार विश्वास के साथ ही पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे, डॉ सुमन दुबे, कविता तिवारी एवं दिनेश बावरा द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।






## तीन मिनट में सबसे ज्यादा तीखी सॉस खाकर बनाया अनोखा विश्व रिकॉर्ड

कनाडा के रहने वाले माइक जैक नामक व्यक्ति ने सबसे तेज हॉट सॉस (तीखी चटनी) खाने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने 3 मिनट में 300 ग्राम से ज्यादा हॉट सॉस खाकर यह अनोखा गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया। पेशे से यूट्यूबर माइक ने लंदन में गिनीज वर्ल्ड ऑफ रिकॉर्ड्स के मुखालय में यह रिकॉर्ड बनाने के लिए एक कटोरे में 1.12 किलोग्राम सॉस डाली थी, जिसमें से उन्होंने ज्यादा से ज्यादा खाने की कोशिश की। माइक ने यह रिकॉर्ड उसी दिन बनाया, जिस दिन उन्होंने सबसे तेज कैपरी सन (एक तरीके का जूस) पीने का रिकॉर्ड बनाया था। रिकॉर्ड खत्म करते ही माइक ने कहा कि यह सॉस उन्हें ज्यादा तीखी नहीं लगी, बल्कि इसका स्वाद उन्हें अपने पसंदीदा व्यंजन कद्दू पाई की तरह लगा। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की निर्णायक जूलियट डॉसन ने माइक को बताया कि उनका यह प्रयास अब तक देखे गए सबसे तेज रिकॉर्ड ब्रेकिंग एक्शन में से एक था।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com